

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -312 जबलपुर, शनिवार 11 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव

## अधिकारी वही, जो जनहित के करें कार्य - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**विकास की नई संभावनाओं के लिए प्रतिबद्धता के साथ अधिकारी, शासकीय सेवा में करें प्रवेश सभी जिलों में सायबर तहसील को लागू करने वाला देश का पहला राज्य है मध्यप्रदेश**



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अधिकारी वह है, जो जनहित में कार्य करें। इस उद्देश्य से शासकीय सेवा में प्रवेश करना आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री नरे-?द्र मोदी, स्वयं को प्रधान सेवक मानते हैं। मध्यप्रदेश का मंत्रि-मंडल भी परस्पर सहयोग से जनता के सेवक के रूप में कार्य कर रहा है। पद पर आने के बाद हमारे मन में अहंकार नहीं होगा, इस संकल्प के साथ, समाज हित और प्रदेश के विकास के लिए समर्पित होकर अपने दायित्व निर्वहन में आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में कृषि, पशुपालन और राजस्व विभागों के लिए चयनित 362 शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि माता-पिता सहित परिवार के सदस्यों की आशा, अपेक्षा और उनके सहयोग के परिणामस्वरूप ही यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव चयनित अधिकारियों सहित उनके परिजन को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के बाद प्रगति पथ पर निरंतर अग्रसर होने का प्रयास जारी रखें। अधिकारी अपनी क्षमता, योग्यता को पहचानते हुए अपने उत्तरदायित्व का श्रेष्ठतम तरीके से निर्वहन कर स्वयं भी गौरवान्वित हो और शासन को भी गौरवान्वित करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री लखन पटेल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि विभाग के 256 कृषि विस्तार अधिकारी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के 70 सहायक पशु चिकित्सकों और राजस्व विभाग के 36 नव चयनित नायब तहसीलदारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने प्रदेश के सभी जिलों में सायबर तहसील स्थापना की पहल की। यह तकनीक के उपयोग से नागरिक सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। देश में दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश तीसरे स्थान पर है। हमारा लक्ष्य दुग्ध उत्पादन की क्षमता को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक पहुंचाना है। इससे देश के किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रदेश में गौ-माता की बेहतर देखभाल के लिए गौ-शालाओं का विस्तार किया जा रहा है।

**महाकुंभ की जमीन पर दावे को लेकर योगी की दो टूक**

## वक्फ बोर्ड है या भू-माफियाओं का बोर्ड, एक-एक इंच लैंड वापस लेंगे



नई दिल्ली. (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार वक्फ के नाम पर ली गई एक-एक इंच जमीन वापस हासिल करेगी। एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित महाकुंभ महासम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने दावा किया कि सनातन धर्म की विश्वास प्रणाली दुनिया की सबसे पुरानी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है, जो किसी भी धर्म या संप्रदाय की तुलना में ऊपर है। इसके साथ ही उन्होंने वक्फ बोर्ड पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, यह कहना मुश्किल है कि यह वक्फ बोर्ड है या भू-माफियाओं का बोर्ड है। योगी ने कहा कि यह वक्फ बोर्ड है या भू-माफियाओं का बोर्ड है। एक-एक इंच लैंड वापस लेंगे। उन्होंने कहा कि हम वक्फ के नाम पर ली गई एक-एक इंच जमीन वापस हासिल करेंगे और इसका इस्तेमाल गरीबों के लिए आवास, शैक्षणिक संस्थान और अस्पताल बनाने में किया जाएगा। उन्होंने कहा, सनातन धर्म का कद आकाश से भी ऊंचा है और इसकी गहराई समुद्र से भी अधिक गहरी है। इसकी तुलना किसी भी संप्रदाय या धर्म से नहीं की जा सकती।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) और उसके नेताओं की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वे (समाजवादी नेता) डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों को कायम रखने में विफल रहे। संभल में धार्मिक स्थलों पर विवाद को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराणों में संभल को भगवान श्री हरि विष्णु के दसवें अवतार कल्कि के जन्मस्थान के रूप में उल्लेख किया गया है। उन्होंने धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाकर अतिक्रमण करने के प्रयासों की निंदा करते हुए कहा, हमारी सरकार ने अदालत के आदेश के आधार पर निर्णायक कार्रवाई की और दंगाइयों को स्पष्ट संदेश भेजा।

## मोदी ने पॉडकास्ट में कहा- मैं सो-कॉल्ड पॉलिटिशियन नहीं, राजनीतिक भाषण देना मजबूरी



नई दिल्ली. (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ निखिल कामथ ने अपने पॉडकास्ट में तमाम महत्वपूर्ण मुद्दों पर सवाल पूछे, उनसे उनकी बचपन से लेकर राजनीतिक यात्रा तक पर बातचीत की. पॉलिटिक्स, पैसा और भ्रष्टाचार के अलावा राजनीति में अच्छे लोग कैसे आएं, राजनीति में आने का नजरिया कैसे बदले? इस सवाल का जवाब पीएम नरेंद्र मोदी ने कई उदाहरण पेश कर दिए. पीएम मोदी ने राजनीति को सामाजिक जीवन से जोड़ते हुए कहा कि राजनीति करने के मतलब केवल एमपी, एमएलए या कोई पद पाना नहीं. आप समाज से जुड़े हुए काम कर रहे तो भी राजनीति कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि मैं अपने केस में अनुभव करता हूं कि मैं सो कॉल्ड पॉलिटिशियन नहीं हूं. राजनीति में हूं लेकिन वैसा नहीं हूं. चुनाव के समय ही मुझे राजनीतिक भाषण करने पड़ते हैं, मेरी मजबूरी है. लेकिन मुझे अच्छा नहीं लगता है. मेरा पूरा समय चुनाव के सिवाय गवर्नेंस में होता है. जब सत्ता में नहीं था तो पूरा समय संगठन में लगा रहता था. मैं अपने कार्यकर्ताओं का जीवन बेहतर करने के लिए खपा रहता था. प्रेस नोट से लेकर सोशल मोबिलाइजेशन सहित अन्य कार्यों पर कार्यकर्ताओं के साथ फोकस करता था. पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं गुजरात में था तो नया-नया मुख्यमंत्री बना था. मेरे सामने भूकंप आया था. भूकंप वाले क्षेत्र में गया. आकर मीटिंग की. भूकंप को आए 9 महीने बीत चुके थे. मैंने काम के बारे में पूछा तो अफसरों ने मार्च महीने के बाद का हवाला दिया. उन्होंने बताया कि मार्च महीने से पहले बाहर निकाला. अफसरों को दिसंबर तक का टारगेट दिया.

## छत्तीसगढ़ के मुंगेली में बड़ा हादसा... गर्म राख से भरा साइलो गिरा, एक की मौत और कई दबे



बिलासपुर (आरएनएस)। मुंगेली जिले के सरगांव क्षेत्र अंतर्गत रामबोड़ में स्पंज आयरन फैक्ट्री में गुरुवार की दोपहर गर्म राख से भरा कंटेनर (साइलो) श्रमिकों के ऊपर गिर गया। इसमें वहां पर काम कर रहे श्रमिक दब गए। प्रशासन की ओर से देर रात तक एक मौत की पुष्टि की है।

आनन-फानन में बचाव कार्य शुरू करते हुए दो श्रमिकों को निकालकर अस्पताल भेजा गया है। कई श्रमिक लापता हैं। प्रशासन की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी है। राख में दबे श्रमिकों की तलाश की जा रही है। संभागायुक्त महादेव कावरे ने बताया कि मुंगेली जिले के सरगांव क्षेत्र अंतर्गत रामबोड़ में कुसुम इंड्रस्ट्रीज स्पंज आयरन फैक्ट्री है। इसमें करीब 350 श्रमिक अलग-अलग शिफ्ट में काम कर रहे हैं। गुरुवार की दोपहर श्रमिक फैक्ट्री में काम कर रहे थे। लंच का समय होने पर ज्यादातर श्रमिक काम छोड़कर लंच करने चले गए थे। इसी दौरान चिमनी के पास गर्म राख से भरा कंटेनर वहां काम कर रहे श्रमिकों के ऊपर गिर गया। राख के गुबार के बीच वहां काम कर रहे श्रमिक लापता हो गए। इधर हादसे की जानकारी लगते ही फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। हादसे की जानकारी तत्काल सरगांव पुलिस को दी गई। साथ ही प्रशासन को इस घटना से अवगत कराया गया। मौके पर मौजूद श्रमिकों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया।

### गैंगस्टर छोटा राजन की तबीयत बिगड़ी, एम्स में करवाया भर्ती, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध



नई दिल्ली.(आरएनएस)। अंडरवर्ल्ड डॉन और गैंगस्टर छोटा राजन को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बाद इलाज के लिए राजधानी दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है. बता दें कि छोटा राजन फिलहाल अनेक अपराधों के आरोपों में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है. अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन एम्स के जिस वार्ड में एडमिट है, वहां दिल्ली पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है. अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन को अक्टूबर 2015 में इंडोनेशिया से गिरफ्तार करने के बाद भारत लाया गया था. वह फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है.

### देवास में फ्रिज में मिली महिला की लाश, बिजली जाने के बाद से घर के अंदर से आ रही थी बदबू



देवास (आरएनएस)। देवास शहर के बाईपास स्थित वृंदावन धाम कॉलोनी स्थित एक मकान में फ्रिज के अंदर महिला की लाश मिली है। मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब शुक्रवार सुबह क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद हो गई थी। कुछ देर बाद मकान के आगे के हिस्से में बने कमरे के अंदर से तेज दुर्गंध आने लगी।

## पूर्वांचलियों के अपमान पर सियासी घमासान, केजरीवाल के खिलाफ बीजेपी का हल्ला बोल



नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली में पूर्वांचलियों को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। भाजपा आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रही है। भाजपा की ओर से पूर्वांचल सम्मान मार्च निकाला गया है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने %पूर्वांचल सम्मान मार्च% निकाल रहे और केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों को हिरासत में ले लिया। पूर्वांचल के मतदाताओं पर दिए गए बयान को लेकर केजरीवाल के फिरोजशाह रोड स्थित आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार का इस्तेमाल किया।

इससे पहले केजरीवाल के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। वहीं, पूर्वांचली मुद्दे पर बोले,क्क विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मैं दिल्ली के पूर्वांचली नेताओं से पूछना चाहता हूं कि जब जेपी नड्डा ने पूर्वांचलियों को घुसपैठिया कहा था तब मनोज तिवारी कहां थे। पूर्वांचल मोर्चा कहां था? उन्होंने कहा कि जब मेरे निर्वाचन क्षेत्र में %छठ घाट% तोड़ा गया तो मनोज तिवारी कहां थे? हमने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों के वोट काटे जा रहे हैं, क्योंकि वे आम आदमी पार्टी को वोट देते हैं।

वहीं, जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा कि पिछले 10वर्षों से दिल्ली पर आपदा बनकर भ्रष्टाचार का पहाड़ खड़ाकर लूट मचा रहे अरविंद केजरीवाल को अपनी हार का डर सताने लगा तो बौखलाकर उत्तर प्रदेश और बिहार के हमारे भाई - बहनों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने पर उतारू हो गये। केजरीवाल ने यूपी - बिहार के हमारे लोगों को फ़र्ज़ी वोटर कह कर उनका अपमान किया है। दिल्ली की जनता सत्ता से उखाड़कर उन्हें इसका जवाब जरूर देगी।

बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और आप का यूपी, बिहार, झारखंड के लोगों का अपमान करने का इतिहास रहा है। आपकी (अरविंद केजरीवाल) यूपी, बिहार, झारखंड के लोगों को फर्जी कहने की हिम्मत कैसे हुई। अरविंद केजरीवाल और,क्क के वादे फर्जी हैं। पूर्वाचल की जनता 5 फरवरी को बदला लेगी। तिवारी ने कहा कि आप गैरकानूनी तरीके से रोहिंग्या और बांग्लादेशियों का फर्जी वोट बनाते रहे। जब लोगों ने इसकी शिकायत की तो आपको जलन हो रही है। यूपी, बिहार और झारखंड के लोग यहां आकर के मेहनत-मजदूरी करके अपनी जगह बनाते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल हमेशा यूपी-बिहार के लोगों को अपमानित करते रहे हैं, क्योंकि आप शीश महल में रहते हो।

**शरद पवार ने आरएसएस की जमकर की तारीफ, बोले**

## संघ की मेहनत के कारण महाराष्ट्र में जीती भाजपा



मुंबई-(आरएनएस)। राकांपा (सपा) प्रमुख शरद पवार ने अपनी विचारधारा के प्रति समर्पण के लिए आरएसएस की प्रशंसा की है और अपनी पार्टी से शाहू महाराज, महात्मा फुले, बीआर अंबेडकर और राजनीतिक दिग्गज यशवंतराव चव्हाण के प्रगतिशील विचारों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ एक कार्यकर्ता आधार बनाने का आग्रह किया है। दक्षिण मुंबई में एक बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पास समर्पित कैडर हैं जो हिंदुत्व संगठन की विचारधारा के प्रति अटूट निष्ठा दिखाते हैं और किसी भी कीमत पर अपने रास्ते से नहीं हटते हैं।

सूत्रों के अनुसार, मुंबई में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, अनुभवी राजनेता ने कहा कि पिछले साल नवंबर के चुनावों में भाजपा की सफलता के पीछे आरएसएस की कार्य पद्धति और उसका आक्रामक हिंदुत्व अभियान प्रमुख स्तंभ थे, जहां पार्टी ने 149 सीटों पर चुनाव लड़कर 132 सीटें जीतीं। पवार, जिनकी पार्टी इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है, ने 1957 में सफाए के बाद महाराष्ट्र में कांग्रेस के पुनरुद्धार को याद किया। उन्होंने असफलताओं का सामना करने के बावजूद 1962 और 1977 में पार्टी की जीत पर प्रकाश डाला। पवार ने कहा कि हमारे पास भी ऐसा कैडर बेस होना चाहिए जो छत्रपति शाहू महाराज, महात्मा फुले, बीआर अंबेडकर और यशवंतराव चव्हाण की विचारधारा के लिए प्रतिबद्ध हो। महाराष्ट्र में नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) की बुरी हार पर विचार करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सफलता के बाद हम आत्मसंतुष्ट हो गए, जबकि सत्तारूढ़ गठबंधन (भाजपा नीत महायुति) ने संसदीय चुनावों में अपनी हार को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए।

## कटनी में पंजाब सिंध बैंक और रेस्टोरेंट में देर रात लगी आग, एटीएम सहित कई सामान जला



कटनी (आरएनएस)। कटनी के रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के बरगवां स्थित मुख्य मार्ग पर पंजाब सिंध बैंक और उसके बगल में संचालित रेस्टोरेंट में देर रात आग भड़क उठी। नगर निगम की फायर ब्रिगेड और पुलिस ने मशक्कत के बाद 4 घंटे में आग पर काबू पाया। आग में कितना नुकसान हुआ है, फिलहाल इसकी जानकारी नहीं लग सकती है लेकिन बिल्डिंग का एक हिस्सा आग में जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग में पंजाब सिंध बैंक और उसका एटीएम संचालित है।

उसके ही बगल में अलीबा रेस्टोरेंट का संचालन एक ही भवन में हो रहा था। 12 बजे रेस्टोरेंट के कर्मचारी काम बंद करके चले गए। कुछ लोग बगल के कमरे में आराम कर रहे थे। अचानक से बिल्डिंग से धुंआ उठने लगा इसके बाद रेस्टोरेंट के कर्मचारी बाहर निकले और थोड़ी भी देर में देखते-देखते आग ने पूरी बिल्डिंग को कब्जे में ले लिया।

## पति-पत्नी सहित 3 बेटियों का स्टोन कटर से काटा गला, घर में बिछी पड़ी थी लाशें




मेरठ (आरएनएस)। मेरठ में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या करने का मामला सामने आया है। पति-पत्नी सहित 3 बेटियों को पत्थर काटने वाली मशीन से काटा गया है। बच्चियों के शव बोरी भर दिया। उसके बाद हत्यारों ने पांचों शवों को बेड के बॉक्स में छिपा दिया।

पांचों शवों के गले किसी धारदार हथियार से काटे गए थे, जिसके गहरे निशान मिले। घर के बाहर ताला लटका हुआ था। पड़ोसी समझ रहे थे कि सभी कहीं बाहर गए हुए हैं। भाई व परिवार के लोग फोन कर रहे थे, लेकिन कोई रिसीव नहीं कर रहा था।

मामला लिसाड़ी गेट इलाके के सोहेल गार्डन का है। सभी मरने वालों की पहचान हो गई है। पति मोईन, पत्नी आसमा, अफ्सा (8), अजीजा (4), अदीबा (1) के शव मिले हैं। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में शवों के गलों पर गहरे निशान मिले हैं, जिससे अनुमान है कि उनकी पत्थर काटने वाली मशीन से हत्या की गई है।

एक बड़े हत्याकांड की खबर लगते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। एडीजी डीके ठाकुर व डीआईजी कलानिधि नैथानी ने लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने मोईन के भाई को हिरासत में लिया है।

आसमा के भाई ने मामला दर्ज कराया, जिसमें आसमा की देवरानी व मोईन के दो भाइयों को नामजद किया है। पुलिस देवरानी नजराना को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मोईन किराए के घर में परिवार के साथ रहता था। सुबह से परिवार के लोगों से संपर्क नहीं हो पा रहा था। भाई सलीम ने पत्नी के साथ घर जाकर देखा, तो ताला लटका हुआ था। उसने आसपास लोगों से पूछा तो पता चला कि कल से किसी को भी नहीं देखा है। आवाज लगाई, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया।

हम दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो सामान बिखरा मिला। फिर भाई और भाई के शव जमीन पर पड़े देखे। पास जाकर देखने पर पता चला कि वह मर गए थे।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी बरगी श्री कमलेश चौरिया ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि अनिल बर्मन नाम का व्यक्ति मन्शी मोहल्ला में अपने घर के आंगन में भारी मात्रा में देशी शराब कुप्पों में भरकर वाहन के इंतजार में खड़ा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति कुप्पों के साथ मकान के आंगन में खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम अनील बर्मन उर्फसूजल उम्र 21 वर्ष निवासी मन्शी मोहल्ला बरगी बताया जो कब्जे में रखे चारों कुप्पों को चैक करने पर कुल 60 लीटर कच्ची शराब रखे मिला

# रेलवे बोर्ड सदस्य परिचालन एवं व्यवसाय विकास की अध्यक्षता में मुख्यालय में मीटिंग आयोजित





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शक्रवार 10 जनवरी 2025 को पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में रेलवे बोर्ड सदस्य परिचालन एवं व्यवसाय विकास श्री हितेन्द्र मल्होत्रा की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सेफ्टी, यात्री यातायात राजस्व, एवं फ्रेट लोडिंग जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों सहित अन्य विभागों से सबंधित कार्यो पर चर्चा कर समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस बैठक के दौरान पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय एवं अपर महाप्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य मैकेनिकल इंजीनियर श्री नितिन चौधरी, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री गुरिन्दर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य विद्युत् इंजीनियर श्री मुकेश, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रभात, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. श्याम सुन्दर, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री राजीव कुमार यादव और अन्य विभाग के प्रमुख विभागाध्यक्षों सहित मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर श्री कमल कुमार तलरेजा, सचिव महाप्रबंधक राहुल जयपुरियार, उप महाप्रबंधक (सामान्य) श्री अनुराग पाण्डेय उपस्थित रहे। इसके आलावा भोपाल एवं कोटा के मण्डल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

इस बैठक में पमरे के यात्री एवं माल यातायात में पैसेंजर ट्रैफिक के राजस्व में वृद्धि के चलते बेहतर प्रदर्शन रहा है। वर्तमान में मालभाड़ा में कोयला लदान की क्षमता में वृद्धि कर रहे है, जिससे पश्चिम मध्य रेल को अतिरिक्त आय प्राप्त हुआ है। रेलवे में यात्रियों को डिजिटल तकनीक से मोबाइल टिकटिक यानि यूटीस ऑन मोबाइल एप्प की सुविधा को ज्यादा से ज्यादा विस्तारित करने पर जोर देना है। इसी प्रकार यात्री सुविधाओं के तहत रेल मदद एनालिस एवं रेल यात्रियों की शिकायतों के निराकरण करने पर विशेष जोर देने की जरूरत है। उन्होंने मीटिंग के दौरान रेलगाड़ियों की पंक्चुअलिटी मॉनिटर एवं सेफ्टी से सम्बंधित रिक्त पदों को भरने पर ज्यादा जोर देने की आवश्यकता है। इसके आलावा विशेष तौर पर फ्रेट लोडिंग बढ़ाने और रेल राजस्व में वृद्धि पर समीक्षा कर डिटेल में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अपर महाप्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य मैकेनिकल इंजीनियर ने रेलवे बोर्ड सदस्य परिचालन एवं व्यवसाय विकास श्री हितेन्द्र मल्होत्रा का आभार व्यक्त किया।

# सिविक सेंटर में बड़े बकायादार की सम्पत्ति में जेडीए ने की तालाबंदी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बड़े बकायादारों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया गया है। जेडीए सीईओ दीपक वैद्य के निर्देश पर प्राधिकरण की सम्पदाधिकारी एवं यंत्रियों द्वारा अनेक नोटिस दिये जाने के बाद भी बकाया राशि जमा नहीं करने की वजह से योजना क्रमांक-18 सिविक सेंटर के अंतर्गत ब्लॉक नं. 08 स्थित फ्लोर क्रमांक 01 में तालाबंदी की गई। बकायादार को नोटिस दिया गया है कि बकाया राशि प्राधिकरण कोष में जमा करें, अन्यथा राशि की वसूली जेडीए आर.आर.सी. के माध्यम से करेगा। जेडीए सीईओ दीपक वैद्य ने जेडीए के किरायेदारों एवं लीजधारियों से अपील की है कि वे बकाया राशि शीघ्र जमा करायें, अन्यथ जेडीए सख्त कार्यवाही करने के लिये बाध्य होगा।

**अकाल मृत्यु**

जबलपुर। थाना गोहलपुर में आशीष सैनी उम्र 54 वर्ष निवासी पटैल नगर महाराजपुर ने सूचना दी कि आदित्य डे की माँ श्रीमती मधुलिका विश्वास ने उसे मोबाइल से सूचना दी कि उनका लड़का आदित्य डे उम्र 16 वर्ष रात्रि में खाना खाने के बाद अपने रूम मे सोने चला गया था सुवह जब नहीं उठा जिसे उठाने के लिये आवाज दी आदित्य नहीं उठा पड़ौसियों की मद्द से कमरे का दरवाजा तोड़कर देखे आदित्य डे घर में लगे वेंटीलेशन वाली रॉड में फर्दे से फसी

# भाजपा 1.63लाख लाडली बहिनों से वोट लेकर,सरकार बनाने के बाद लाडली बहिना योजना से कर रही धोखाधड़ी- कांग्रेस

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस टीकाराम कोष्टा,प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा ने चुनाव के दौरान प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने लाडली बहिनों के पैर पूज कर वोट लिया और सपना दिखाया कि सरकार बनने के बाद 1250 रुपए प्रति माह की जगह ?3000 प्रतिमाह दिया जाएगा यह वायदा तो पूरा करना दूर की बात अब भाजपा सरकार ने 1.63 लाख महिलाओं को लाडली बहिना योजना से कर रहे बाहर यह लाडली बहिनों को 60 वर्ष होने के कारण बाहर करने की बजाय सरकार को बहिनों के हित में नियम से उम्र की बंदिश बता कर अलग करने के बजाय नियम में बदलाव करें क्योंकि इसी उम्र में लाडली बहिनों को पैसे की आवश्यकता होती है। क्योंकि मोहन सरकार को मालूम है अभी प्रदेश में कोई चुनाव है नहीं, इसलिए नई लाडली बहिनों को शामिल नहीं कर रहे ।पुरानी सूची से 60 वर्ष से अधिक वालों को बाहर कर रहे हो तो नए 21 वर्ष की लाडली बहनाओं को क्यों शामिल नहीं कर रहे । कांग्रेस नेता कोष्टा ने आरोप लगाया कि यह बीजेपी का दौहरा चरित्र जो अपनी लाडली बहनों को भी नहीं बक्श रही है।

**प्रदेश की मोहन सरकार लाडली बहिनों की आयु 21 वर्ष अधिकतम 60 वर्ष होना चाहिए**

प्रश्न उठता है कि सरकार की मंशा क्या है कम से कम लाडली बहनों के साथ इतनी बड़ी धोखाधड़ी ना की जावे अन्यथा लाडली बहनों के हक के लिए कांग्रेस मैदान में नई लाडली बहनों को शामिल करने हेतु और 60 वर्ष की अधिकतम आयु खत्म करने कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगी ।

# योजना कमांक - 41 एवं 65 के बीच ब्रिज निर्माण कार्य करने के कारण तक बंद रहेगा आवागमन

## राहगीर वैकल्पिक मार्ग से कर सकेंगे आवागमन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यो. क्र. 64 एवं 65 के विकास के चरण में तथा जनहित में प्राधिकरण द्वारा योजना क्रमांक-41 होते हुये योजना क्रमांक-65 में जाने वाले मार्ग में आने वाले नाले के ऊपर ब्रिज का निर्माण कार्य दिनांक 16.01.2025 से प्रारम्भ किया जा रहा है ब्रिज निर्माण कार्य के कारण योजना क्रमांक - 41 से बहहा, कचनारी, रेंगवा को जाने वाला मार्ग दिनांक 16.01.2025 से 15.06.2025 तक बंद रहेगा। अतः इस मार्ग से आवागमन करने वाले राहगीर इस अवधि में वैकल्पिक मार्ग ग्रीन वैली स्कूल (रैंगवा) के पास से पाटन बायपास का उपयोग कर सकेंगे।

# लायन उमेश इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रायपुर में आयोजित लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी की डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेन्स अमृतम् में लायनवाद के प्रति समर्पित लायंस क्लब जबलपुर के सक्रिय सदस्य, डिस्ट्रिक्ट जी.एल.टी. को-ऑडिनेटर एमजेएफ लायन उमेश जैन को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन सुधीर जैन एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ शैलेश अग्रवाल ने लायंस क्लब्स इंटरनेशनल से प्राप्त एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया । उनकी इस उपलब्धि पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन प्रकाश चांडक, पीएमजेएफ लायन राजीव अग्रवाल, एमजेएफ लायन नरेन्द्र जैन, एमजेएफ लायन भरत अग्रहरि, दीपक पोपट, क्लब अध्यक्ष लायन अंकिता जैन, लायन भूमिका पटेल, लायन मीता पोपट, लायन मंगलचंद टाटिया, लायन ज्ञान गोलछा, लायन हरिभाई पटेल ने बधाई दी

# फ़ूड फेस्टिवल व मेगा हॉस्पिटैलिटी ट्रेड फेयर आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज सुबह 10:00 बजे मध्य भारत के प्रथम मेगा हॉस्पिटैलिटी ट्रेड फेयर व फूड फेस्टिवल का शुभारंभ लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी द्वारा होगा। यह फूड फेस्टिवल परिवारों के लिए प्रथम बार एक अनूठे प्रारूप में रहेगा जिसमें जबलपुर के श्रेष्ठ रेस्टोरेंट्स के स्टॉल में उनकी सबसे अच्छी 5 डिश रहेगी और एवं किसी भी अनइनस्टॉल में कोई भी डिश रिपीट नहीं होगी, जिससे आपको 100 से अधिक अलग-अलग व्यंजन उपलब्ध रहेंगे। मेगा हॉस्पिटैलिटी ट्रेड फेयर का आयोजन मध्य भारत में यह पहली बार किया जा रहा है जोकि होटल एंड रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन जबलपुर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस तरह के ट्रेड फेयर केवल दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों में ही होते हैं और यह जबलपुर की बड़ी उपलब्धि है कि ऐसा आयोजन जबलपुर में हो रहा है। इस आयोजन से मध्य भारत के सभी होटल और रेस्टोरेंट को दिल्ली नहीं जाना होगा और यहीं पर उनकी जरूरत की हर बड़ी कंपनी उन्हें उपलब्ध होगी यह ट्रेड फेयर उन लोगों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है जो नए व्यवसाय के रूप में होटल या रेस्टोरेंट खोलने के इच्छुक हैं। यह ट्रेड फेयर एवं फूड फेस्टिवल दो दिवसीय है जो की 11 व 12 जनवरी 2025 को प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक आयोजित होगा।

## नाम जप से ही भगवान की प्राप्ति

# त्रिशूलभेद में श्री शिवशक्तिशतचंडी महारुद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नर्मदा तट स्थित त्रिशूल भेद न्यू भेडाघाट मार्ग पर 9 दिवसीय शिव महापुराण कथा व महामृत्युंजय जप यज्ञ का कलश शोभायात्रा के साथ शुभारम्भ हुआ। मंत्रोच्चार एवं मां नर्मदा के जयकारों के बीच कथा व्यास डॉ. सत्येन्द्र स्वरूप व संत सेवा भारती के सान्निध्य में यात्रा निकली। मां नर्मदा पूजन के साथ भक्तों ने त्रिशूल भेद मंदिर में पिंडी रूप में विराजित ब्रम्हा विष्णु महेश भगवान की प्रतिमा का अभिषेक पूजन किया। जिसके बाद कलश यात्रा कथा स्थल पहुंची। जहां भक्तिगीतों के बीच मंडप प्रवेश हुआ।

कथा के पहले दिन कथा व्यास डॉ.सत्येन्द्र स्वरूप शास्त्री ने कहा कि महर्षि बाल्मीक, गोस्वामी तुलसीदास ने ईश्वर की प्राप्ति के लिए सतगुरु की आवश्यकता बताई है। गुरु खोजे नहीं जाते, गुरु का दर्शन किया जाता है। उन्होंने राम नाम की महिमा बताते हुए कहा कि कलयुग में योग, यज्ञ ,जप, तप, व्रत, पूजा जैसे साधना के कठिन मार्ग संभव नहीं है। केवल भगवान के नाम का सुमिरन ही भवसागर से पार कर सकता है। भगवान के सहस्त्रनाम हैं और कोई भी नाम जपा जा सकता है। इसी प्रसंग में उन्होंने माता सती के अभिमान और बिन बुलाए अपने पिता के यज्ञ में जाने और भगवान शंकर का अपमान होने पर योग अग्नि के द्वारा अपने शरीर को जलाकर भस्म करने की कथा का वर्णन किया।

# कुम्भ में नगर के कवि करेंगे आध्यात्मिक काव्यरस वर्षा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विश्व के सबसे बडे धार्मिक अनुष्ठान महाकुंभ प्रयागराज में विविध धार्मिक कार्यक्रमों के मध्य नगर के कवि आध्यात्मिक काव्य रस वर्षा करेंगे। प्रज्ञा साई लोक कल्याण न्यास द्वारा गंगोली शिवालय मार्ग में आयोजित स्वामी प्रज्ञानंद कुम्भ शिविर में साध्वी विभानंद गिरी की अध्यक्षता में मकर संक्रांति 14 जनवरी को आध्यात्मिक काव्य रस वर्षा होगी। सनाढ्य संगम, वर्तिका, मंथनश्री संस्था के तत्वावधान में नगर से राजेश पाठक प्रवीण, विजय नेमा अनुज, संतोष नेमा, बीना शर्मा सहित अनेक कविगण काव्यरस वर्षा करेंगे। वहीं तेजल विश्वकर्मा द्वारा भजनों की प्रस्तुति की जाएगी। साध्वी विभानंद जी ने बताया कि शिविर में रहने खाने की व्यवस्था की गई है।

# कमजोर वर्ग पर बढ़ते अत्याचार एवं पुलिस की संवेदनहीनता पर एस पी को ज्ञापन दिया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कमजोर वर्ग पर एस सी एस टी ओबीसी पर बढ़ते अत्याचार एवं उत्पीड़न की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही।पुलिस द्वारा शिकायत लेकर लीपापोती एवं कार्यवाही के नाम पर रस्मआदायगी की जा रही है।

इन्हीं मुद्दों को लेकर थाना माड़ोताल प्रभारी एवं रामपुर पुलिस चौकी प्रभारी की उदासीनता गैर जिम्मेदाराना रवैया के खिलाफ आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा पीड़ित प्रहलाद पटेल,राकेश मून की शिकायत पर संबंधित थानों को कार्यवाही हेतु निर्देश देने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवेश चौधरी,एड तेजकुमार भगत,कमलेश धपोड़कर,शिवनाथ चौधरी आलम, तरुण रोहितास, राकेश मून,धर्मेंद्र कुशवाहा,राजकुमार सिंह,जीवन लाल जाटव,लखनलाल चौधरी,दीपक चौधरी, प्रहलाद पटेल,हरीश सिहीते,डा बी एल झरिया,डेनियल इब्राहिम,प्रकाश नागले,उमेश मेहरा,डा राजेंद्र पिल्ले,योगेश कोल,शैलेश रजक,राकेश चौधरी,शारदा पटेल,सुनील चौधरी,मोहन महोबिया,अजय नाटी आदि उपस्थित थे।

# शिक्षक बच्चों को गाइड से पढ़ाना करें बंद - डीईओ घनश्याम सोनी

## मझौली विकासखंड के स्कूलों का औचक निरीक्षण,2 प्राचार्य एवं 2 शिक्षकों को नोटिस





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिले की शिक्षा में गुणात्मकता लाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा लगातार निरीक्षण किए जा रहे है। आज डीईओ श्री सोनी के द्वारा मझौली विकासखंड के शास उमावि बरगी बडखेरा, शासउमावि पौंडा,शासकीय कन्या उमावि मझौली तथा सीएम राइस विद्यालय मझौली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मझौली बी ई ओ सहायक संचालक श्री अतुल चौधरी भी साथ में थे।

शाउमवि बरगी बडखेरा के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शिक्षकों के द्वारा प्रभावी ढंग से पढ़ाया नहीं जा रहा है,जिससे बच्चों को पढ़ाई में रुचि कम होती है। डीईओ श्री सोनी ने बताया कि शिक्षकों बच्चों को महत्वपूर्ण प्रश्न बताए,रिवीजन को व्यवस्थित किया जाए। शाउमवि पौड़ा में निरीक्षण के दौरान देखा गया कि बच्चों को गृहकार्य कम दिया जा रहा ,बच्चों को कॉपियां विधिवत चेक नहीं पाई गई ।कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता देखी गई। स्कूल में गाइड का प्रयोग किया जा रहा है। शास कन्या उमावि मझौली के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शिक्षकों के द्वारा बच्चों को होम वर्क नहीं दिया जा रहा है,शिक्षक वीरेंद्र विश्वकर्मा विषय अंग्रेजी के द्वारा डेली डायरी में गृह कार्य देना लिखा है परंतु वास्तव में नहीं दिया गया। इसी प्रकार शिक्षक मुकेश साहू व्याख्याता गणित के द्वारा डेली डायरी एवं स्टूडेंट डेटा रजिस्टर के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है। सीएम राइस विद्यालय मझौली में डीईओ श्री सोनी ने पालकों से बच्चों की शैक्षणिक स्थिति बता कर सतत संपर्क रहने कहा गया,कमजोर बच्चों की पहचान कर विशेष कक्षाओं हेतु कहा गया। इसी विद्यालय का प्यून राकेश कुमार रॉवर लंबे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित पाया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा 2प्राचार्य एवं 2 शिक्षकों को कारण बताओ पत्र जारी कर जवाब मांगा है,संतोषजनक जवाब न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

# विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर काव्य संगोष्ठी एवं राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय, महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल के संरक्षण एवं श्री मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक के मार्गदर्शन में एवं श्री प्रज्ञेश निंबालकर, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य संरक्षा अधिकारी के परामर्श से 'विश्व हिंदी दिवस' के अवसर पर एक काव्य संगोष्ठी एवं राजभाषा पुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्यालय, मंडलों तथा कारखानों के रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि श्री मनोज कुमार गुप्ता ने विश्व हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता है कि विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर मुख्यालय में पहली बार इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने मंडलों और कारखानों में भी विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में काव्य संगोष्ठी, परिचर्चा, कवि सम्मेलन एवं नुक्कड नाटक आदि कार्यक्रम आयोजित करने को कहा ताकि अधिक से अधिक कर्मचारी ऐसे कार्यक्रमों में भाग ले सकें। उन्होंने आगे कहा कि हिंदी अपने सहज, सरल एवं सर्वसमावेशी स्वभाव के कारण ही भारत संघ की राजभाषा बनी है तथा हिंदी में विश्व की संपर्क भाषा बनने के सभी गुण विद्यमान है। आज दुनिया के अनेक देशों हिंदी बोली, पढ़ी एवं लिखी जाती है। विश्व के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में हिंदी को पढ़या जा रहा है यह हम सबके लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर उन्होंने पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्यालय, जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों और भोपाल एवं कोटा कारखानों से आमंत्रित रेल कवियों, मुख्यालय स्तर एवं क्षेत्रीय स्तर तथा विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं एवं अन्य प्रोत्साहन योजनाओं के विजेता रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर श्री राजकुमार प्रजापत, अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, कोटा मंडल, श्री विवेक कुमार गुप्ता, उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, मुख्यालय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। राजभाषा अधिकारी ने कार्यक्रम का संचालन एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी और उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश

जबलपुर। थाना भेड़ाघाट में रात्रि दुर्गेश रजक उम्र 36 वर्ष निवासी नेपियर टाउन मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह भाटिया टायर हाउस तेवर में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं दिनांक 9-1-25 को रात लगभग 8-15 बजे वह भाटिया टायर हाउस में सामने बैठा था तभी ग्राम तेवर के साहिल पटैल, प्रवीण पटैल, दिन्नू पटैल एवं उनके अन्य साथी टायर हाउस के अंदर आये और बिना किसी कारण उसके साथ गाली गलौज करते हुये उसकी कॉलर पकड़कर उसको धक्का दे दिया, उसने पूछा कि क्यों मारपीट कर रहे हो तो साहिल पटैल, प्रवीण पटैल, दिन्नू पटेल एवं अन्य साथी बोले कि तुम्हारी दुकान में गाड़ी खड़ी दिखी तो कल दुकान में आग लगा देगें कहकर उसे एवं उसके स्टाफ को जान से मारने की धमकी देकर चले गये मारपीट से उसके कंधे के पास चोट आयी।



भोपाल- महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया राजस्थान में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित दूसरे चिंतन शिविर में शामिल होंगी। उदयपुर में 10 से 12 जनवरी के बीच इस चिंतन शिविर में सभी राज्यों की महिला एवं बाल विकास मंत्री मौजूद रहेंगी। मंत्री सुश्री भूरिया शिविर में झाबुआ जिले में किए गये नवाचार कुपोषण मुक्त अभियान के तहत मोरी आई कान्सेज के संबंध में जानकारी साझा करेंगी। झाबुआ जिले में लागू इस नवाचार के सुखद और सकारात्मक परिणाम मिले है।

**मुख्यमंत्री ने किया दो दिवसीय आईएफएस मीट और वानिकी सम्मेलन का शुभारंभ**

# वन क्षेत्र और वन्य जीवों की गतिविधियों में वृद्धि प्रदेश की उपलब्धि -मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के पन्ना जैसे क्षेत्र जहां वन्य जीवों की स्थिति शून्य हो गई थी, वहां भी वन अधिकारियों के प्रयासों के परिणामस्वरूप वन्य जीवों की गतिविधियां पुन: आरंभ हुईं, यह अपनी सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है और वे बधाई के पात्र हैं। वर्तमान में प्रदेश के पास हीरा है, चीता है और अब तो गजराज भी मध्यप्रदेश का रूख कर रहे हैं। प्रदेश का वन क्षेत्र समृद्ध है। वर्ष 2003 से 2021 के मध्य वन क्षेत्र में 1063 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। भोपाल देश की एकमात्र ऐसी राजधानी है, जिसके आस-पास आसानी से टाइगर देखे जा सकते हैं। यह हमारे प्रदेश के लिए सुखद और पर्यावरण की दृष्टि से बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंडित खुशीलाल आयुर्वेद महाविद्यालय सभागार में दो दिवसीय आई.एफ.एस (भारतीय वन सेवा) मीट और वानिकी सम्मेलन के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कर तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार, अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक वर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री असीम श्रीवास्तव तथा अन्य आई.एफ.एस. अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को रूद्राक्ष का पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस प्रकार के मीट परस्पर संवाद, मित्रता के भाव, अनुभव साझा करने और बेहतर कार्य संस्कृति विकसित करने के लिए आवश्यक हैं। मध्यप्रदेश में प्रचुर वन संपदा विद्यमान है तथा पुरातत्व, भू-गर्भ शास्त्र, पर्यावरण, वनस्पति शास्त्र सहित कई विधाओं में अध्ययन व शोध की अपार संभावना विद्यमान हैं। वन विभाग को इन क्षेत्रों में अध्ययन को प्रोत्साहन और सहयोग प्रदान करने के लिए पहल करना होगी। इसी प्रकार पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए भी गतिविधियों का विस्तार किया जाए। उन्होंने रातापानी के संदर्भ में ग्रामों के विस्थापन की चुनौती का प्रभावी तरीके से सामना करने के लिए वन अमले की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन द्वारा वनों के विकास और नवाचारी गतिविधियों के संचालन के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध मध्यप्रदेश के वन और वन्य जीव हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि शासन इनके संरक्षण और सवंर्धन के लिये कटिबद्ध है। प्रदेश में जनभागीदारी को केन्द्र में रखकर अनेक गतिविधियां और कार्यक्रम चलाएं जा रहे है। राज्य मंत्री श्री अहिरवार ने कहा कि राज्य शासन द्वारा वनों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिये की गई ईमानदार एवं प्रभावी पहल का परिणाम है कि प्रदेश के वन आवरण में स्थायित्व आने के साथ ही वन्य प्राणियों के प्रबंधन की दिशा में किये गये प्रयासों को सराहा गया है। मंत्री श्री अहिरवार ने इस अवसर पर भारतीय वन सेवा अधिकारियों को बधाई दी। दो दिवसीय आई.एफ.एस. मीट में वनों के वैज्ञानिक प्रबंधन, संयुक्त वन प्रबंधन, वनवासियों के कल्याण आदि विषय पर चार सत्र होंगे।

# अन्न का उत्पादन और गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए जैविक खेती आवश्यक-मंत्री पटेल




भोपाल-(आरएनएस) पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक खेती भारत की मूल कृषि पद्धतियां हैं, जिन्हें लंबे समय से पुन: स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुवार को जबलपुर में जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर क्षेत्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती से जुड़े विभिन्न मानकों की विस्तृत जानकारी दी गई।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया को बचाने के लिए श्री अन्न की तरफ बढ़ने की बात कही है। श्री अन्न सभी उच्च कोटि के अनाज में शामिल है। मंत्री श्री पटेल श्री अन्न के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक किलोग्राम मोटे अनाज के उत्पादन के लिए सिर्फ एक लीटर पानी की आवश्यकता होती है जबकि एक किलोग्राम गेंहू और धान क्रमश: 28 और 37 लीटर पानी की खपत के बाद उत्पादित किया जाता है। मंत्री श्री पटेल ने देश की बढ़ती आबादी के बीच श्री अन्न के उत्पादन और उसकी गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए जैविक खेती को आवश्यक बताया।

मंत्री श्री पटेल ने अपने गौरक्षा के संकल्प को भी याद किया। उन्होंने कहा भूमि की घटती हुई उर्वरा शक्ति को बचाने के लिए देशी गाय के गोबर से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। मंत्री श्री पटेल ने प्रमाणीकरण के विभिन्न स्तरों को भरोसे का संकट बताते हुए कहा कि निर्यात के लिए बाहरी देशों के मानकों की स्वीकार्यता हो सकती है पर देश में किसानों की ईमानदारी और उनकी तपस्या से परे किसी प्रमाणीकरण की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। किसानों के विश्वास से की गई खेती ही इस संकट का समाधान है।

# जनजातीय कल्याण कार्यक्रम क्रियान्वयन का लक्ष्य अन्त्योदय हो- राज्यपाल श्री पटेल




भोपाल-(आरएनएस) राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जनजातीय कल्याण कार्यक्रम क्रियान्वयन में अन्त्योदय का लक्ष्य रहें। जनजातीय समुदाय की सबसे पिछड़ी जनजाति, उसमें सबसे पिछड़े परिवार को हितलाभ देने में प्राथमिकता दी जाए।

राज्यपाल श्री पटेल ने गुरुवार को पशुपालन, उच्च शिक्षा, वन और जनजातीय कार्य विभाग की क्रमिक रुप से राजभवन में समीक्षा की। बैठक में जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री दीपक खांडेकर, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता भी मौजूद थे।

राज्यपाल द्वारा जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा

राज्यपाल श्री पटेल ने जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा में कहा कि प्रधानमंत्री की पहल जनमन कार्यक्रम जनजातीय समुदायों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का अभूतपूर्व प्रयास है। जनजातीय परिवार को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का दुर्लभ अवसर है। आवश्यकता संवेदनशीलता के साथ लक्ष्य बनाकर समर्पित भाव से कार्य करने की है। उन्होंने कहा कि जनमन के तहत बनी कार्य-योजना के कार्य समय पर पूरे हों और उनकी गुणवत्ता उत्कृष्ट हो। उन्होंने सिकल सेल के संबंध में चर्चा के दौरान कन्या छात्रावास के रक्त परीक्षण में 78 प्रतिशत लड़कियों में रक्त अल्पता मिलने की जानकारी देते हुए, छात्रावासों में पौष्टिक भोजन के अनुसार मेन्यू तैयार करने की जरूरत बताई। उन्होंने जनमन के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल वैन में सिकल सेल जांच और सिकल सेल औषधियों के वितरण की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। जनजातीय विकासखण्डों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर में जन औषधि केन्द्र खोलने और केन्द्र संचालन की पात्रता पूरी करने वाले जनजातीय युवाओं को नियुक्त करने के लिए कहा है जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने जनजातीय छात्रावासों के रहवासियों को हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराने की बात कही है। बैठक में प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य श्री गुलशन बामरा उपस्थित थे।

राज्यपाल द्वारा पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा

राज्यपाल श्री पटेल ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य पी.वी.टी.जी. जनजातियों को सतत आजीविका उपलब्ध कराना है। जरूरी है कि योजना में अति गरीब परिवारों को प्राथमिकता दी जाए। योजना राज्य सरकार के कार्यक्रम के रूप में पृथक से ही संचालित की जाए। किसी अन्य योजना अथवा कार्यक्रम में समावेशन नहीं किया जाए। राज्यपाल को बताया गया कि राजभवन के निर्देशानुसार जनसंख्या के अनुपात में लक्ष्यों का निर्धारण किया गया है। बैगा जनजाति के 30, सहरिया जनजाति के 374 और भारिया जनजाति के 30 हितग्राही परिवारों को 2-2 दुधारू पशुओं से लाभान्वित किया जा रहा है। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल और प्रमुख सचिव पशुपालन श्री उमाकांत उमराव भी उपस्थित थे।

राज्यपाल द्वारा उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा

राज्यपाल श्री पटेल ने उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा में जनजाति प्रतिभाओं के टैलेंट पूल के ऑन एवं ऑफ लाइन सम्मेलनों के आयोजनों की जरूरत बताई है। जनजाति कल्याण योजनाओं केन्द्र सरकार के पोर्टल के साथ विभाग को संबंद्ध होने के लिए कहा है, जिससे योजनाओं के दोहरे लाभ की समस्या उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने कहा कि जनजातीय आबादी के मान से विभागीय बजट के प्रावधान के संबंध में विचार किया जाना चाहिए। विभाग द्वारा जनजातीय युवाओं की खेल प्रतिभा और अभिरुचि के अनुसार केन्द्र सरकार के खेल प्राधिकरण के साथ समन्वय से किसी एक खेल को चयनित कर प्रोत्साहन का प्रयास समग्रता के साथ किया जाए। उन्होंने जनजातीय पदों के बैकलॉग के संबंध में भी चर्चा की। उच्च शिक्षा विभाग से अपेक्षा की है कि वह बैकलॉग के स्वरूप और पदों की पूर्ति में होने वाली समस्याओं को चिन्हांकित करें। पदों की पूर्ति के लिए योग्य जनजाति उम्मीदवारों की उपलब्धता कराने के प्रयासों का नेतृत्व करें। बैठक में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, आयुक्त उच्च शिक्षा श्री निशांत बरबड़े उपस्थित थे। राज्यपाल श्री पटेल ने वन विभाग की समीक्षा में विभाग के अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सामुदायिक वन अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष पहल करें। आवश्यकता होने पर मानव संसाधनों की उपलब्धता के संबंध में विचार किया जाना चाहिए। राज्यपाल को बताया गया कि वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टे देने के प्रावधानों को सरलीकृत किया गया है। विभागीय स्तर पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार पट्टाधारियों को वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टे देने की कार्रवाई प्रचलित है।

# अयोध्या बायपास 10 लेन का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाये -मंत्री श्रीमती गौर



भोपाल-(आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि, भोपाल शहर की एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी बढ़ाने तथा अयोध्या बायपास से करोंद होते हुए एयरपोर्ट रोड बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए अयोध्या बायपास 10 लेन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने मंत्रालय में एनएचएआई के अधिकारियों और कलेक्टर भोपाल की मौजूदगी में प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि रत्नागिरी से आसाराम तिराहे तक 16 किलोमीटर लंबे मौजूदा 4 लेन अयोध्या बायपास को 10 लेन किया जाएगा। इसके निर्माण कार्य की शुरुआत 20 जनवरी से हो जाएगी। मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि सड़क के चौड़ीकरण कार्य में अतिक्रमण हटाने के पहले चरण में पानी और बिजली लाइन की शिफ्टिंग का कार्य किया जाएग। उन्होंने बताया कि 16 किलोमीटर की सड़क में 5.5 किलोमीटर में तीन बड़े एलिवेटर बनाए जाएंगे। यह फ्लाई ओवर करोंद चौराहे, पीपुल्स मॉल और मीनाल रेजिडेंसी के पास बनेंगे। ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए 18 अंडर पास भी बनाए जाएंगे। मंत्री श्रीमती गौर ने निर्देश दिए कि रत्नागिरी में मेट्रो लाइन आ रही है, इसलिए रोड का निर्माण कार्य इस बात को ध्यान में रखकर किया जाए, जिससे भविष्य में किसी तरह की परेशानी न हो। यह रोड भोपाल रायसेन एनएच-23 और भोपाल विदिशा एनएच से जुड़ेगा। इससे लगभग 20 लाख की आबादी को सीधा लाभ होगा। रत्नागिरी चौराहे से एयरपोर्ट जाने में अभी 50 मिनट लगते हैं, 10 लेन इस सड़क के बनने से यह सफर करीब 25 मिनट में पूरा होगा। केंद्र सरकार के इंडस्ट्रियल कॉरिडोर प्रोजेक्ट के तहत ह्ऑढ्ढ ने इसकी प्लानिंग की।

### मुख्यमंत्री निश्शक्तजन विवाह योजना में राशि स्वीकृत करने के अधिकार अब जिला कलेक्टर को

भोपाल-मुख्यमंत्री निश्शक्तजन विवाह योजना के तहत हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने 2 लाख रूपये तक की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत करने के अधिकार जिला कलेक्टर को प्रदान कर दिये है। प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि दिव्यांगों को विवाह करने के लिये विभाग द्वारा मुख्यमंत्री निश्शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है।



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने शिवपुरी के माधव राष्ट्रीय बाघ अभ्यारण्य में सफारी वाहन का फीता काटकर उद्घाटन किया.

# मैहर में सर्व-सुविधायुक्त जिला अस्पताल के साथ आवासीय कॉलोनी की भी होगी सुविधा- उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मैहर में सर्व-सुविधायुक्त जिला अस्पताल के साथ अस्पताल की कॉलोनी भी बनाई जाएगी।उन्होंने मैहर में गोला मठ मंदिर के पीछे न्यू अरकंडी में जिला अस्पताल के निर्माण कार्य के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित स्थल के कचरा डंप यार्ड को मैहर-अमरपाटन की ओर उपयुक्त स्थल पर शिफ्ट करने के निर्देश दिये। विधायक श्री श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़, पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सिविल अस्पताल अमरपाटन का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डों में जाकर चिकित्सा सुविधाओं एवं उपचार सेवाओं का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सिविल हास्पीटल अमरपाटन में अतिशीघ्र पोस्टमार्टम कक्ष का निर्माण और ब्लड स्टोरेज को सुरक्षित रखने यूनिट के लिए फ्रिज की व्यवस्था की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी उपस्थित रहे।

# जीआईएस से पहले एमएसएमई की नई पॉलिसी से प्रदेश के उद्योग परिदृश्य को मिलेगी नई उड़ान -मंत्री काश्यप




भोपाल-(आरएनएस) सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने उद्योग संघों के प्रतिनिनिधों से कहा है कि प्रदेश सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नई एमएसएमई (स्र्स्र्ध) पॉलिसी के साथ ही भूमि आवंटन नियम और प्रोत्साहन की ऐसी पॉलिसी लाएगी जिससे मध्यप्रदेश में स्थानीय उद्यमिता का विकास विदेशी निवेशकों को प्रदेश में उद्योग लगाने के लिये आकर्षित करने के साथ सर्वाधिक रोजगार सृजन वाले प्रदेश के रूप में उभरे।

मंत्री श्री काश्यप गुरुवार को मंत्रालय में उद्योग संघों के पदाधिकारियों से एमएसएमई की प्रचलित पॉलिसी पर चर्चा और सुझाव संगोष्ठी में संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री राघवेंद्र कुमार सिंह, सचिव सुश्री प्रियंका दास और उद्योग आयुक्त श्री दिलीप कुमार भी उपस्थित थे। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि उद्योग प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझाव को नई पॉलिसी में शामिल करने से का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार नये औघोगिक क्षेत्रों के विकास और निर्यात संवर्धन पर मजबूत पहल करेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि एमएसएमई में प्रोत्साहन के लिये और भी अधिक पारदर्शी नीति बनाई जाएगी और स्टार्ट-अप के साथ क्लस्टर के विकास का नया ईको-सिस्टम बनेगा। यह नव उदमियों, अनुसूचित जाति, जनजातीय और महिलाओं की इकाईयों के लिए मददगार होगा। एमएसएमई मंत्री ने कहा कि वर्ष-2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने की मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप ऐसी पॉलिसी बनाई जा रही है, जिससे स्थानीय स्तर पर निवेश और उद्योग का विकास हो सके। उन्होंने ने कहा कि संभाग स्तर पर हो रही रीजनल इंडस्ट्री कॉन्कलेव के अच्छे परिणाम परिलक्षित हुए हैं। इससे नजदीकी जिलों के उद्योगपतियों के सहभागिता से निवेश और रोजगार की संभावनाएं बनी है। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि अलगे सप्ताह निर्यात को बढ़ाने के लिए एक वृहद कार्यशाला होगी। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर स्थापित किए गए निवेश सेंटर वन, स्टॉप सेंटर के रूप में उद्योगपतियों से निरंतर संवाद स्थापित करेगी। मंत्री श्री काश्यप कहा कि कलेक्टर्स इस समिति को लीड करेंगे। मंत्री श्री काश्यप ने बताया कि एमएसएमई की प्रोत्साहन सब्सिडी को बढ़ाकर 700 से 1100 करोड़ रूपए कर दिया गया है। उद्योग परिसंघों ने सरकार की इस पहल पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि एक ऐसा पोर्टल विकसित किया जा रहा है जिसमें पॉलिसी और नीतियों के साथ उद्योगपतियों का एक ही जगह डाटा संग्रहित होगा। उद्योग संघों के प्रतिनिधियों को प्रमुख सचिव श्री राघवेंद्र सिंह ने भी आश्वस्त किया कि नई पॉलिसी में उद्योगों के बेहतर विकास की नीति अपनाई जाएगी। संवाद में एमएसएमई विकास नीति के संबंध में मुख्य रूप से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ट्रांसपोर्ट अनुदान, नवकरणीय ऊर्जा मुख्यत: सोलर प्लांट को सहायता, जेड प्रमाणन को बढ़ावा देने, इंडस्ट्रियल अवशिष्ट के लिए सहायता एवं टेस्टिंग लैब को बढ़ावा देने के सुझाव प्रतिनिधियों के

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.



## नियम को तुरंत बदलने की जरूरत

ओलिंपिक्स में मेडल जीतना खेल जगत की सबसे बड़ी उपलब्धि होता है। ऐसे में जो खिलाड़ी पदक जीतते हैं, उन्हें स्वाभाविक रूप से खेल रत्न पुरस्कार मिलने चाहिए। इसके लिए एथलीट खुद अर्जी दें, इस नियम को तुरंत बदलने की जरूरत है। ऐसे नियम अतार्किक हैं, जिनकी वजह से देश का नाम रोशन करने वाली शख्सियतों से उनका सम्मान छिने और वे आहत महसूस करें। वैसे भी सम्मान पाने के लिए खेल प्रतिभाओं के खुद आवेदन करने की शर्त अजीबोगरीब है। इसी शर्त के कारण ओलिंपिक खेलों में अप्रतिम प्रदर्शन करने वाली निशानेबाज मनु भाकर इस वर्ष खेल रत्न पुरस्कार पाने से वंचित हो गई हैं। भाकर का कहना है कि शर्त के मुताबिक उन्होंने पुरस्कार के लिए पोर्टल पर जाकर आवेदन किया था। लेकिन संभवत- किसी तकनीकी गड़बड़ी के कारण उनकी अर्जी अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाई। इस तरह जिस साल उन्होंने ओलिंपिक्स में दो पदक जीत कर ऐसा करने वाली पहली भारतीय बनीं, उन्हें इस पुरस्कार से वंचित होना पड़ा है। इस पर मनु के असंतोष को आसानी से समझा जा सकता है। उनके पिता ने एक इंटरव्यू में मनु की उदास प्रतिक्रिया की जानकारी दी। उनके पिता ने बताया- उसने मुझसे कहा कि मुझे ओलंपिक्स जाकर देश के लिए पदक जीतने ही नहीं चाहिए थे। असल में मुझे एथलीट ही नहीं बनना चाहिए था।' जब नाम जारी हुए, तब मनु को पता चला कि इस वर्ष खेल रत्न पुरस्कारों के लिए जिन 12 खिलाडियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया है, उनमें उनका नाम नहीं है। जबकि 2021 में टोक्यो ओलंपिक्स के बाद वहां पदक जीतने वाले सभी सात खिलाडियों को खेल रत्न से सम्मानित किया गया था।

# आखिर चुनावी रेवड़ी को परिभाषित करना इतना मुश्किल क्यों है ?

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 की घोषणा करते वक्त मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि चुनावी रेवड़ी क्या है, इसे परिभाषित करना मुश्किल है। चूंकि इस मुद्दे पर आयोग के हाथ बंधे हुए हैं। इसलिए, कानूनी उत्तर ढूंढे जाएं। हालांकि, उनकी इस साफगोई से हमारी संसद और हमारे संविधान के संरक्षक सुप्रीम कोर्ट, दोनों की जिम्मेदारी बढ़ चुकी है। वह यह कि वो जल्द से जल्द इस मसले पर व्याप्त कानूनी असमंजस को दूर करने के लिए एक नेक पहल करें।

वहीं, अब तक ऐसा नहीं होना निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया पर एक गम्भीर सवालिया निशान छोड़ जाता है। क्योंकि जब इस मसले पर स्पष्ट नियमन होंगे तो इसका उल्लंघन करने वाले राजनीतिक दलों व उनके नेताओं को कानून के कठघरे में खड़ा किया जा सकेगा। हालांकि, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की बात से अब यह स्पष्ट हो चुका है कि आजादी और गणतंत्र बनने के इतने दशकों बाद भी हमारे सत्ता पक्ष या विपक्ष ने कभी इस मुद्दे पर स्पष्ट नियमन बनाने की पहल ही नहीं की, ताकि दुविधाजनक कानूनी परिस्थितियों से चुनावी लाभ उठाते रहा जाए।

जबकि, मीडिया में इस बारे में जब-तब बहस होती रहती है, और सर्वोच्च न्यायालय में भी इस बारे में कुछ जनहित दायर है, जिस पर दो टूक निर्णय की प्रतीक्षा देशवासियों को है। लेकिन वर्ष 2018 से अब तक इस पर स्पष्ट निर्णय नहीं हो पाया है। यह गम्भीर बात है, क्योंकि इससे इस अहम मसले पर राजनेताओं और सम्बन्धित पेशेवरों द्वारा जितने मुंह, उतनी बातें की जा रही हैं जिससे मतदाता भी असमंजस में हैं। इसके उलट जिन्हें फ्रीबीज यानी मुफ्त की चुनावी रेवड़ी का लाभ मिल रहा है, उनकी तो बल्ले बल्ले है। वहीं, जिन करदाताओं की जेबें तरह-तरह के टैक्स के माध्यम से हर रोज काटी जा रही हैं और सरकार प्रदत्त जनसुविधा भी नदारत या नाकाफी दिख रहीं हैं, उनके दिलोदिमाग में इस सियासी प्रवृत्ति को लेकर अनेक सवाल उठ रहे हैं।

वैसे तो सुप्रीम कोर्ट ने भी गत दिनों फ्रीबीज मामले पर सख्त टिप्पणी की और कहा कि राज्यों के पास उन लोगों को 'मुफ्त सौगात' देने के लिए पर्याप्त धन है, जो कोई काम नहीं करते। लेकिन जजों की सैलरी-पेंशन देने के लिए नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राज्य के पास मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के लिए पैसे हैं, लेकिन जजों की सैलरी-पेंशन देने के लिए नहीं है। राज्य सरकारों के पास उन लोगों के लिए पूरा पैसा है, जो कुछ नहीं करते; लेकिन जब जजों की सैलरी की बात आती है तो वे वित्तीय संकट का बहाना बनाते हैं।

बता दें कि जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह मौखिक टिप्पणी उस समय की, जब अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ से जुड़ी एक याचिका के निपटारे के क्रम में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने दलील दी कि सरकार को न्यायिक अधिकारियों के वेतन और सेवानिवृत्ति लाभों पर निर्णय लेते समय वित्तीय बाधाओं पर विचार करना होगा। तब सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की कि, राज्य के पास उन लोगों के लिए पैसा है जो कोई काम नहीं करते। चुनाव आते हैं, आप लाडली बहना और अन्य नयी योजनाएं घोषित करते हैं, जिसके तहत आप निश्चित राशि का भुगतान करते हैं। दिल्ली में अब आए दिन कोई न कोई पार्टी घोषणा कर रही है कि वे सत्ता में आने पर 2,500 रुपये देंगे।

उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को पेंशन के संबंध में अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ की ओर से 2015 में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। जबकि, अटार्नी जरनल आर वेंकटरमणि ने कहा कि वित्तीय बोझ की वास्तविक चिंताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले कहा था कि, यह 'दयनीय' है कि उच्च न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को 10,000 रुपये से 15,000 रुपये के बीच पेंशन मिल रही है। यहां ध्यान देने वाली बात है कि सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब दिल्ली चुनाव में फ्रीबीज की बहार है। आम आदमी पार्टी ने वादा किया है कि उसकी सरकार बनी तो महिलाओं को 2100 रुपए हर महीने मिलेंगे। जबकि कांग्रेस 2500 रुपए देने की बात कह रही है। वहीं, भाजपा भी इसी तरह का ऐलान जल्द करने वाली है।

उधर, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही पूरे दिल्ली में रेवड़ी पर चर्चा अभियान की शुरूआत कर दी थी। इस मौके पर उन्होंने दो टूक कहा था कि जनता का पैसा, जनता की रेवड़ी, तो उस पर हक़ भी जनता का ही है। केजरीवाल ने कहा कि, %पीएम मोदी ने कई बार कहा है कि केजरीवाल मुफ़्त की रेवड़ी दे रहे हैं और इसे बंद किया जाना चाहिए। जबकि केजरीवाल खुलेआम कह रहा है कि हम ये रेवड़ी दे रहे हैं।

## अपनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी

कांग्रेस पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुले आम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की हैं। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी अपनी सहमति जताई है। इससे इंडिया गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।

जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया है। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल ही उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने तो कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आम आदमी पार्टी कांग्रेस से खासी नाराज नजर आ रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह से चुनाव लड़ रही है उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है।

## नए चीनी वायरस से दहशत, आरोपों पर दी गई सफाई से नहीं कोई सहमत?

चाइना की धरती से निकलकर दुनिया में कोहराम मचाने वाले जानलेवा वायरस बेकसूर इंसानों का पीछा करना कभी छोड़ेंगे या नहीं? क्योंकि प्रत्येक खतरनाक वायरसों का केंद्र चीन ही होता है? कोविड-19 के बाद एक ऐसी अबूझ पहेली है जिसे न डब्ल्यूएचओ सुलझा पाया और न ही दुनिया की तमाम चिकित्सा रिसर्च रिपोर्ट किसी नतीजे पर पहुंच पाईं? हालांकि, वायरस के निमार्ण के पीछे चीनी हिमाकत पर शक तो सभी को बहुत पहले से है? लेकिन तथ्यों के साथ कोई उसे एक्सपोज नहीं कर पाया? ऐसे अंसख्यक सवाल हैं जो उनके इस नए 'ह्यूमन मेटान्यूमो' वायरस यानी एचएमपीवी के बाद खड़े हुए हैं। सवाल दरअसल खड़े होने भी चाहिए, आखिर क्यों लोगों की जान लेने पर वो आमादा है। वायरसों के इतर भी उनकी अमानवीय नापाक हरकतों से न सिर्फ पड़ोसी मुल्क, बल्कि समूचा संसार परेशान और दुखी हुआ पड़ा है। ऐसे में विश्व बिरादरी को सामूहिक रूप से 'ह्यूमन मेटान्यूमो' वायरस की तथ्यों सहित तहकीकात करके जानकारी को सार्वजनिक करना चाहिए। हालांकि, चीन नए वायरस के आरोपों को नकार रहा है।

गौरतलब है बीते 3 वर्ष पूर्व कोरोना वायरस ने संसार को जो गहरे जख्म दिए थे, वो आज भी हरे हैं और तब तक रहेंगे? शायद जब तक इस धरती पर इंसानों का वजूद रहेगा? क्योंकि कोरोनाकाल में कोई परिवार ऐसा नहीं बचा होगा जिसने अपने किसी सगे या कोई करीबी दोस्त, पड़ोसी, रिश्तेदार को न खोया हो? भारत में 'ह्यूमन मेटान्यूमो' का पहला संक्रमण एक बच्ची में 6 जनवरी को सुबह कर्नाटक में मिला और शाम होते-होते गुजरात से लेकर तमिलनाडू तक मरीजों की संख्या पांच-छह तक पहुंच गई। संक्रमितों की खबर ने ऐसी दहशत फैलाई, जिससे केंद्र सरकार भी हलकान हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को भी मीडिया में आकर बताना पड़ा, कि देशवासियों को फिलहाल चिंता करने और घबराने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि स्थिति पर उनका पूर्ण नियंत्रण है और संपूर्ण इंतजाम केंद्रीय स्तर पर किए जा चुके हैं। उन्होंने इस वायरस को नया नहीं, बल्कि पुराना ही बताया है? जबकि, आइसीएमआर का मानना है कि सर्दियों में सामान्य न्यूमोनिया वायरसों का खतरा हमेशा बढ़ता है। पर, ये वायरस जानलेवा कभी नहीं होते थे, लेकिन अब होने लगे हैं।

'ह्यूमन मेटान्यूमो' वायरस पर हेल्थ मिनिस्ट्री और आइसीएमआर दोनों के बयानां में अंतर है। बिना तालमेल और अ-पुष्ट सूचनाओं के आदान-प्रदान से सभी को बचना होगा। क्योंकि इससे स्थिति बिलावजह नाजुक हो जाती हैं। दोनों संस्थाओं को सबसे पहले मॉनिटरिंग पर फोकस करना होगा, जो कोरोना के वक्त अच्छे से नहीं किया था। नए वायरस की जागरूकता पर दोनों की माने तो खतरा है भी, और नहीं भी? हालांकि इसके बाद गेंद जनता के पाले में चली जाती है। कहने का मतलब है, सतर्कता जनता को स्वयं से करनी होगी। उन्हें अपनी इम्युनिटी पर खासा ध्यान रखना होगा। क्योंकि कोरोना के वक्त भी हुकूमत और चिकित्सीय संगठनों की ओर से शुरुआत में कुछ ऐसा ही कहा गया था।

## भगवान शंकर की समस्त लोकों में सबसे अधिक महिमा है

भोलेनाथ ऐसे योगी हैंए जिनकी महिमा को शब्दों में बाँधना उतना ही असाध्य हैए जितना कि कागज़ की नौका से सागर पार करना। क्योंकि अपने जीवन चरित्र से संसार कोए भगवान शंकर ने एक ही महत्वपूर्ण उपदेस दियाए कि जीव को किसी की प्रिय अथवा अप्रिय स्थिती मेंए प्रभु के नाम सुमिरन का पल्लू नहीं छोड़ना चाहिए। लेकिन कामदेव ने क्या कियाघ् भगवान शंकर की समाधि में ही खलल डाल दिया। परिणाम स्वरुप उसे अग्नि भेंट होना पड़ा। जिस कारण बाहरी दृष्टि से देखने पर तो यही लगता हैए कि भगवान शंकर ने कामदेव को दण्ड दिया है। किंतु वास्तव में उन्होंने कामदेव को दण्ड नहींए अपितु अमर कर दिया था। कारण कि ससरीर कोई भी होए तो उसे कहीं भीए कभी भी मारा जा सकता है। किंतु जिसका सरीर ही न होए केवल सूक्षम आकार में होए उसे भला कोई कैसे मार सकता हैघ् कहने का तात्पर्यए कि एक योगी अगर किसी को दण्ड देता भी दिखाई देता हैए तब भी वह उसे वरदान से ही सुशोभित कर रहा होता है। इसी कारण भगवान शंकर की समस्त लोकों में सबसे अधिक महिमा है।

## विकसित भारत बनाने की यात्रा आगे बढ़ेगी

एस. सुनील

विधायी कामकाज के दृष्टिकोण से वर्ष 2025 बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। यह एक बड़े चुनावी वर्ष यानी सुपर इलेक्शन ईयर के बाद का साल है।ज् केंद्र और राज्य सरकारों को एक बड़ा अंतराल विधायी और प्रशासनिक कार्यों के लिए मिल रहा है। ऐसी संभावना है कि इस अवधि में अनेक लम्बित विधायी कार्यों का निपटारा किया जाएगा। संसद में दो विधेयक संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी के समक्ष हैं। जेपीसी वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव के लिए लाए गए विधेयक पर विचार कर रही है दूसरी जेपीसी बनी %एक देश, एक चुनाव' के महत्वाकांक्षी कानून पर विचार करेगी।

नव वर्ष 2025 की संभावनाओं का आकलन कई पहलुओं से किया जा रहा है। हर व्यक्ति के मन में यह सवाल उठ रहा है कि 2025 में भारत कैसा होगा? भारत की अर्थव्यवस्था कैसी होगी? राजनीति के क्षेत्र क्या गतिविधियां होंगी? कौन कौन से विधायी कार्य लम्बित हैं, जिन्हें पूरा किया जाएगा? विपक्ष क्या वैसे ही राजनीति करता रहेगा, जैसे अभी कर रहा है? सनातनधर्मियों की ओर से सभ्यतागत न्याय सुनिश्चित करने के लिए जो पहल की जा रही है क्या वह जारी रह पाएगी? 12 वर्षों के बाद हो रहे महाकुंभ का क्या संदेश देशवासियों के लिए होगा? वैश्विक पटल पर भारत की क्या स्थिति होगी? विश्व में युद्ध और तनाव का जो दौर चल रहा है वह 140 करोड़ भारतवासियों को कैसे प्रभावित करेगा और आम नागरिक का जीवन कैसा होगा? इनके अलावा भी निश्चित रूप से कुछ और प्रश्न होंगे, जिनके उत्तर की खोज किसी न किसी रूप में हो रही होगी।

इन समस्त प्रश्नों के बीच अगर एक वाक्य में 2025 की संभावनाओं का आकलन बताना हो तो कहा जा सकता है कि नव वर्ष सांगठनिक, विधायी और आर्थिक उपलब्धियों का वर्ष होगा। जब हम संगठन की बात करते हैं तो उसमें तमाम राजनीतिक दलों और सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक संगठन आ जाते हैं। यह वर्ष राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का शताब्दी वर्ष है। संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। संघ एक सांस्कृतिक संगठन है, जिसने पिछले एक सौ साल में भारत की संस्कृति और धर्म के रक्षण का कार्य कुशलतापूर्वक किया है। 12 वर्ष के बाद महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में हो रहा है, जहां देश के तमाम धार्मिक संगठन और अखाड़े एकत्र हो रहे हैं। सनातन धर्म से जुड़े समस्त संगठनों के लिए कोई नया दिशा निर्देश महाकुंभ से निकलेगा, ऐसी संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक दलों की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी को नया अध्यक्ष मिलना है।

## गंगा स्तुति की पाठ मकर संक्रांति के दिन करें, घर में धन-धान्य के भंडार भरे रहेंगे

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सूर्य देव का धनु राशि से निकालकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तो मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। मकर संक्रांति का त्योहार मुख्यों त्योहारों में से एक है। इस दिन पवित्र नदी स्नान करना काफी शुभ माना जाता है। मान्यता है कि मकर संक्रांति के शुभ मुहूर्त में गंगा नदी में स्नान करने से व्यक्ति को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। गंगा मैया की कृपा पाने के लिए गंगा स्तुति का पाठ करना एक बेहतर उपाय माना गया है।

मकर संक्रांति का शुभ मुहूर्त

- मकर संक्रांति पुण्य काल- सुबह 07 बजकर 33 मिनट से शाम 06 बजकर 56 मिनट तक
- मकर संक्रांति महा पुण्य काल- सुबह 07 बजकर 33 मिनट से सुबह 09 बजकर 45 मिनट तक
- मकर संक्रांति का क्षण- सुबह 07 बजकर 33 मिनट

श्री गंगा जी की स्तुति गांगं वारि मनोहारि मुरारिचरणच्युतम् ।


## नगरी सिहावा के सीतानदी वनांचल में बिखरा है अलौकिक प्राकृतिक सौंदर्य

विमल शंकर झा

भारत का हृदयस्थल छत्तीसगढ़ धान का कटोरा ही नहीं बल्कि सुरम्य पर्वत श्रृंखलाओं और हरितिमा से आच्छादित प्राकृतिक संपदाओं और रहस्यमयी पुरा सौंदर्य को अपने आप में समेटे हुए हैं। पुण्यसलिला चित्रोत्पला महानदी के उद्गम सिहावा नगरी से लगे प्रकृति की गोद में बसे सोंढूर और आसपास के वनांचल में झरते खूबसूरत झरने, कंदराएं, दुर्लभ वनौषधियो, पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों और अभयारण्य के लिए प्रसिद्ध है। लोगों को यह जानकर गर्व होगा कि सप्तऋषियों में छग में भांजे के रुप में श्रद्धेय भगवान राम के जन्म से जुड़े पुत्रेष्टि यज्ञ के पुरोहित श्रृंगि ऋषि सहित 4 ऋषियों के पावन आश्रम और विश्वप्रसिद्ध पायलीखंड का हीरा खदान भी इसी प्रसिद्ध वनांचल में हैं। प्राकृतिक छटा और पुरातात्विक महत्ता से लबरेज सीता नदी वन क्षेत्र से सोंढूर तक फैले ऐसे तमाम ऐतिहासिक, सामाजिक, लोक सांस्कृतिक और धार्मिक क्षेत्र से जुड़े नामचीन और गुमनाम स्थलों और रहस्यों को भिलाई के वरिष्ठ साहित्यकार और सेवानिवृत्त व्याख्यात इन्दुशंकर मनु ने अपने यायावरी अनुभव से नई दृष्टि दी है। सर्वप्रिय प्रकाशन से प्रकाशित उनकी सद्य प्रकाशित शोधपरक संस्मरणात्मक किताब सोंढूर डायरी में इस वनांचल के मांदागिरी पर्वत से लेकर रक्साहाड़ा जीवाश्म तक कई ओझल प्रसंगों व स्थलों को तथ्यपरक ढंग से रोचक शैली में सामने लाने की कोशिश की गई है। यह साहित्यप्रेमियों के साथ शोध छात्रों के लिए भी एक उपहार हैं। सोंढूर के निकट सीता नदी अभयारण्य की पहाडियों पर सप्तऋषियों में चार ऋषियों श्रृंगी ऋषि(सिहावा पर्वत), अंगिरा (घटुला गिरी), मुचकुंद (धवल गिरी) और गौतम ऋषि (मादागिरी) के आश्रम हैं। बाकी 3 ऋषि की तपोभूमि अमरकंटक पर्वत पर हैं। छग की जीवनरेखा मानू जाने वाली महानदी और पौराणिक चित्रोत्पला का उद्गम श्रृंगीऋषि पर्वत ही है। नगरी के समीप अगस्त्य का आश्रम है,जिन्होंने बढ़ते हुए विंध्याचल पर्वत को रोकने अपने दक्षिण भारत की यात्रा से वापस आने तक यथा स्थिति रहने का आदेश दिया था। आश्रम में उनसे शापित पत्नी अहिल्या की अवसादग्रस्त पाषाण प्रतिमा निर्जन गुफा में उपेक्षित पड़ी है । सीतानदी की पहाडियों पर वर्षों पूर्व आदिमानवों का निवास माना जाता है। कालांतर में राजाओं ने राजधानी के किले बनाए, जिनके भगनावशेष अभी भी बिखरे पड़े हैं। किताब के लेखक इंदुशंकर मनु बताते हैं कि सिहावा से निकलने वाली महानदी (चित्रोत्पला, नीलोत्पला, महानंदा) और घटुला पहाड़ी से निकली सीतानदी के किनारे मानव सभ्यता का विकास हुआ। सीतानदी वन क्षेत्र नीलांचल नाम से जाना जाता है और लिलांज नदी व ग्राम भी नीलांचल शब्द को उद्घाटित करता है। घटुला ऋषि गुफा के निकट गढड़ोंगरी में बिखरे द्रविण मूर्तियों के अवशेष पुरामहत्व के हैं। सर्प शिल्पकला से बना पवित्र जलकुंड वाला प्रसिद्ध कर्णेश्वर मंदिर प्रसिद्ध है। वहीं सघन मादागिरी चट्टान परछोटे, छोटे कुंड अभी भी दिखाई देते हैं,जिनमें कभी आदि मानव कंदमूल व अनाज कूटा करते थे। यहां के पत्थरों का उपयोग मूर्तियां व स्तंभ बनाने किया जाता था । किताब में बतौर जनश्रुति श्री मनु ने रहस्योदघाटन किया है कि मनोरम मादागिरी शिखर पर आश्चर्यजनक रुप से विशालकाय बेलनाकार पर्वत एक छोटे से पत्थर पर टिका है। पांडवों के वनवासकाल में किसी राक्षस के विनाश के लिए महाबली भीम ने इसे फंदे के रुप में उपयोग किया था । जलप्रपात के किनारे मारे गए राक्षस की हड्डियां (जीवाश्म) को शिकारियों और तस्करों के मटियामेट करने के बाद भी भगनावशेष हैं, जिसे पुराशोध के लिए रविशंकर विवि रायपुर के भी ध्यानाकर्षण में लाया गया था। दानव की हडिडयों के ढेर के कारण ही इस बस्ती का नाम रक्शापथरा व रक्साहाड़ा रखा गया है। निकट ही सालवनों के बीच से रामवन गमन पथ गुजरता है । प्रकृति की गोद में बसा पुराग्राम सोंढूर इतिहास और लोक जीवन के कई रहस्यों को समाहित किए हुए हैं। महानदी में पैरी और सोंढूर नदी के संगम स्थल पर स्वर्णकणों तथा कालनेमी के स्वर्ण मृग के मिथक से गांव का नाम सोंढूर पड़ा। अंचल का जीवनदायी रमणीक सोंढूर बांध यहीं बना हुआ है । पहले मुचकुंद ऋषि के नाम पर गांव का नाम मेचका था,जो कालांतर में अपभ्रंस होकर सोंढूर हो गया। श्री मनु बताते हैं कि देवासुर संग्राम में संपत्ति वितरण के समय राजा से ऋषि बने मुचकुंद के युद्ध की हिंसा के अपराध से मुक्त होने तपस्या के लिए निर्जन स्थल के आग्रह पर देवों ने सोंढूर (धवलगिरी पर्वत गुफा) में तप करने की सलाह दी। रणछोड़ कृष्ण व कालयवन के युद्ध के दौरान कृष्ण का पीछा करता कालयवन जब धवलगिरी गुफा में जा पहुंचा तो उन्होंने चालाकी से तपस्यारत मुचकुंद को अपनी पीतांबरी ओढ़ा दी। राक्षस के इसे कृष्ण समझ फेकने पर तपस्या भंग होने से क्रोधित ऋषि ने उसे अगनिदृष्टि से भस्म कर दिया था। अभी भी गुफा में कालमेघ नामक झाडियां पाई जाती हैं,जिसे आयुर्वेद औषधी के रुप में आदिवासी उपयोग करते हैं। पहाड़ी पर बने परकोटे को हाथीसार के नाम से जाना जाता है। यहां का एक रोचक मिथ यह भी है कि कांकेर के राजा कर्णदेव की रानी कर्णावती के रुप पर सम्मोहित बस्तर के नरेश के कई बार आक्रमण से डरकर कर्णदेव ने सोंढूर को अपनी राजधानी बना पहाड़ी के शिखर पर अपना किलानुमा आवास बना लिया । चार दिशाओं में सुरक्षा के लिए मेचका में मांझी, अरसीकन्हार-मरकाम, खालगढ़-मुरिया व बरपदर गांव में धुर्वा नामक नियुक्त 4 सावंतों में से धुर्वा को राजा बनाने का लालच देकर बस्तर नरेश ने कर्णदेव की हत्या का षडयंत्र रजा। बरपदर के नरभक्षी शेर के शिकार के बहाने जंगल में कर्णदेव की हत्या से दुखी रानी कर्णावती पहाड़ी में राजा की लाश रख अपने पुत्र को मारने के बाद चिता में जलकर खुद सती हो गई ।

आज भी रानी के विलाप और आदेश पर बरपदर का सामंत घराना बतौर प्रायश्चित उपवास बाद हथियार खालगढ़ लाकर पूजा करता है। और दोनों के स्मारक भगवान्वेश के रुप में यहां हैं। सत्ती चट्टान को रानीचौरा के नाम से जाना जाता है और राजा के संदेशसूचक व जंगरहित लौह नगाड़ों में से एक नगाड़ा पेड़ों की जड़ों से लिपटा हुआ है। सीता नदी अभयारण्य क्षेत्र के सोंढूर में 7 सुंदर पहाडियों के समूह वाला कोरिया के सफेद फूलों से लदा और आकर्षक जलप्रपात से सजे सूर्यपाट के साथ चमकने वाला अनूठा महुआ पेड़ को भी यहां गुरुजी के रुप में जाने जाने वाले इंदुशंकर मनु ने नई रोशनी दी।

## -:: आज का राशिफल ::-




मेष राशि: आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज आपके घर में शुभ कार्य होने के संकेत हैं। रिश्तेदारों और अन्य लोगों के आने जाने से खुशी का माहौल बना रहेगा।

वृष राशि: आज आपका पूरा दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा। घर पर हो रहे किसी पूजा अनुष्ठान में माता-पिता के साथ आप भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आज नौकरी में काम ज्यादा होने पर भी आप अपना सौ प्रतिशत देने का प्रयास करेंगे।

मिथुन राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज किसी काम से बहार की यात्रा करनी पड़ सकती है। सहकर्मियों के साथ अच्छे व्यवहार से लाभ मिलेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को बड़े ही सूझबूझ और संयम से काम लेना चाहिए,

कर्क राशि: आपके लिए आज का दिन बेहतर परिणाम देने वाला रहेगा। यदि आप प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे हैं और इंटरव्यू होने वाला है तो आप पूरे कॉन्फिडेंस के साथ इंटरव्यू दें, सफलता जरुर मिलेगी।

सिंह राशि: आज आप मानसिक शांति का अनुभव करेंगे। आपके परिवार में आज आध्यात्मिक वातावरण बना रहेगा, सभी के साथ आपका व्यवहार बहुत संतुलित रहेगा। लोगों से आपको मान सम्मान मिलेगा।

कन्या राशि: आज आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार के सभी सदस्य आज एक साथ बैठकर किसी पुरानी बात को लेकर गहन चर्चा करेंगे, इसमें आपके विचारों का विशेष महत्व होगा आपकी बात सभी लोग ध्यान से सुनेंगे।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप मित्रों के साथ मिलकर घर में गीत संगीत का प्लान बनाएंगे और इस काम में किसी मित्र का विशेष सहयोग मिलेगा। पारिवारिक माहौल खुशहाल रहेगा।

वृश्चिक राशि: आज आप पूरे दिन आशा से भरे रहेंगे। अपने बच्चों की पढ़ाई और विद्यालय की अन्य गतिविधियों में उनकी अच्छी सफलता देखकर आप बहुत आनंदित होंगे।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी प्रशंसा हो सकती है, पारिवारिक जीवन आज बेहतरीन रहने वाला है। आज किन्हीं कारणों से घर का उत्तरदायित्व आप पर होगा और आप उसे कुशलता पूर्वक निभाएंगे,

मकर राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज घरवालों के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बन सकता है।

कुंभ राशि: आज आप बच्चों के साथ कहीं घूमने-फिरने जाने का प्लान बना सकते हैं। घर में आज किसी मेहमान के आने से आपको खुशी मिलेगी,

मीन राशि: आज आप अच्छे स्वास्थ्य का आनन्द उठाएंगे। जीवन शैली बदलने का प्रयास सफल होने की संभावना है।



बिहार में इस साल विधानसभा के चुनाव होने है। ऐसे में बिहार की सियासत तेज है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर भी अटकलों का दौर जारी है। इन सबके बीच राजद सुप्रीमों लालू यादव ने नीतीश कुमार पर पोस्टर वार किया है। एक पोस्ट साझा करते हुए लालू ने एक्स पर लिखा कि सही का चुनाव करें, अबकी बार बदलाव करें! उन्होंने आगे लिखा कि एक पथ पर भ्रष्टाचार का गिरने वाला पुल है। बेरोज़गारी है, गरीबी है, पलायन है, अपराध है। कराह रहा अपना बिहार है।

# मोहम्मद साहब के समय से भी पहले कुंभ मेला लग रहा है : गिरिराज सिंह

पटना (आरएनएस)। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इंडी गठबंधन को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि इंडी गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव तक के लिए था। तेजस्वी यादव के इस बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तल्ख टिप्पणी की है।

गिरिराज सिंह ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह वही बात है, जिसे हम लोग पहले से ही कह रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डर से यह सभी राजनीतिक दल एक मंच पर इकट्ठा हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह गठबंधन किसी भी प्रकार से देश की जनता की सेवा नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व से डर के कारण ये सब एक साथ आए हैं। ये लोग कांग्रेस के साथ हैं और उन्हें अपने उद्देश्यों के लिए कांग्रेस की मदद की आवश्यकता है। हम पहले ही कह चुके थे कि यह गठबंधन केवल चुनावी स्वार्थ के लिए है।

इसके अलावा, गिरिराज सिंह ने मौलाना शहाबुद्दीन द्वारा कुंभ मेले की जमीन को वक्फ की जमीन बताए जाने पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मौलाना शहाबुद्दीन को अपनी औकात का पता नहीं है। कुंभ मेला मोहम्मद साहब के आगमन से भी बहुत पहले लग रहा है। उनका बयान न केवल हास्यास्पद है, बल्कि हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का अपमान भी है।

गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि भारत की संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए हम किसी भी प्रकार की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेंगे। ये लोग हमारे धार्मिक स्थलों को अपना बताकर समाज में दरार पैदा करना चाहते हैं।

बता दें कि मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा था कि महाकुंभ का आयोजन वक्फ की जमीन पर हो रहा है। उन्होंने बताया था कि प्रयागराज के निवासी सरताज ने दावा किया है कि जहां पर कुंभ मेले की तैयारियां की जा रही है, वह जमीन वक्फ और वहां के मुसलमानों की है। उन्होंने बताया कि 55 बीघा वक्फ की जमीन पर कुंभ मेला लग रहा है। मौलाना के बयान के बाद से इस मामले पर राजनीति शुरू हो गई है।

**महाकुंभ : भारत-नेपाल सीमा का जायजा लेने पहुंचे आईजी, सुरक्षा सख्त करने के निर्देश**

बहराइच (आरएनएस)। प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर भी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। महाकुंभ के मद्देनजर सुरक्षा का जायजा लेने के लिए बुधवार को देवीपाटन मंडल के आईजी अमित पाठक भारत-नेपाल सीमा रुपईडीहा पहुंचे। यहां पर उन्होंने सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के कारण सुरक्षा व्यवस्था और मुस्तैद होगी।

आईजी अमित पाठक ने कहा कि यहां पर यूपी पुलिस और एसएसबी का सेटअप है, जो नेपाल सीमा से जुड़े प्वाइंट से आवागमन को रेग्युलेट करते हैं। आज सारे सेटअप को देखा गया है। इसकी जानकारी ली गई है कि लगभग कितने लोग आ रहे हैं और कितनी गाड़ियां सीमा पार कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि कार्गो सुविधा भी आईपीसी के माध्यम से चैनलाइज हो रही है। उसमें सुरक्षा बिंदुओं की समीक्षा की गई है। अधिकारियों के साथ बैठक में जो भी बिंदु निकलकर आए हैं, उस पर भविष्य में लेकर कार्रवाई का प्लान बनाया गया है। महाकुंभ को लेकर इस इलाके में सुरक्षा होनी चाहिए, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर है। यहां से व्यापार और लोगों को आना-जाना होता है। यह महत्वपूर्ण ड्यूटी प्वाइंट है। इस पर मानक सुरक्षा व्यवस्था को सख्ती से पालन करना है। इसके लिए मीटिंग करके सभी पक्षकारों को निर्देश दिए गए हैं और जॉइंट पेट्रोलिंग करके समीक्षा की गई है।

देवीपाटन मंडल के आईजी ने प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ को लेकर सीमा पर बरती जा रही सतर्कता और सुरक्षा का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सीमा पर की जा रही चेकिंग और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों की भी जानकारी ली।




कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी नई दिल्ली में केवेंटर्स स्टोर पर लोगों से बातचीत करते हुए.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए.

# किसान नेता जगजीत दल्लेवाल की तबियत बिगड़ी, किसान मोर्चा ने दी केंद्र सरकार को चेतावनी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता की तबीयत बिगड़ रही है. खनौरी बॉर्डर पर भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल की हालत बेहद गंभीर हो गई है। पिछले कई दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे दल्लेवाल का सोमवार रात बीपी गिरकर 77/45 हो गया था और पल्स रेट 38 से नीचे आ गई थी। डॉक्टरों की सख्त निगरानी के बाद उनकी हालत थोड़ी स्थिर हुई, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है।मंगलवार को सरकारी राजिंदरा अस्पताल की मेडिकल टीम ने दल्लेवाल के स्वास्थ्य की जांच की। डॉक्टरों ने साफ कर दिया है कि अगर उन्हें जल्द इलाज नहीं दिया गया तो उनकी हालत और बिगड़ सकती है।

किसान मोर्चा का केंद्र को कड़ा संदेश किसान मोर्चा नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, अगर दल्लेवाल को कुछ हुआ तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी। अब समय आ गया है कि सरकार हमारी बात गंभीरता से सुने और हमारी मांगों को पूरा करे। कोहाड़ ने सरकार को चेताया कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन और हिंसक हो सकता है। 26 जनवरी को ट्रैक्टर मार्च का ऐलान

इस संकट के बीच किसानों ने बड़ा फैसला लिया है। मंगलवार को किसान संगठनों ने 26 जनवरी को देशभर में ट्रैक्टर मार्च निकालने का ऐलान किया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब किसान नेता दल्लेवाल भूख हड़ताल पर हैं। किसानों का कहना है कि सरकार पर दबाव बनाने के लिए यह मार्च जरूरी है।पंजाब और हरियाणा की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की मुख्य मांग है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्र) की कानूनी गारंटी दी जाए। किसानों का मानना है कि यह गारंटी उनके भविष्य को सुरक्षित करेगी और बिचौलियों से उनकी रक्षा करेगी।क्या हैं

किसानों की मुख्य मांगें?

अपनी मांगों को लेकर किसानों ने स्पष्ट रुख अपनाया है। मुख्य मांगें हैं =

1. एमएसपी की कानूनी गारंटी = फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी।

2. कर्ज माफी = छोटे और मझोले किसानों के कृषि कर्ज माफ किए जाएं।

3. कृषि कानूनों पर पुनर्विचार = पहले वापस लिए गए कृषि कानूनों से जुड़े मुद्दों को स्पष्ट किया जाए।

4. पेंशन योजना = छोटे किसानों और भूमिहीन मजदूरों के लिए पेंशन की व्यवस्था।

सरकार पर बढ़ रहा दबाव

किसानों का कहना है कि सरकार उनके मुद्दों को टालने की कोशिश कर रही है। भूख हड़ताल और विरोध प्रदर्शन के बावजूद अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। इस बीच दल्लेवाल की बिगड़ती हालत ने किसानों का गुस्सा और बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार ने अभी तक इस मामले पर कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया है। किसानों का कहना है कि सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है। किसान मोर्चा ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने जल्द कदम नहीं उठाए तो आंदोलन बड़ा रूप ले सकता है।

## नागालैंड में एचआईवी/एड्स की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक : रिपोर्ट

कोहिमा (आरएनएस)। राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में कहा गया है कि नागालैंड में 15 से 49 साल के उम्र के लोगों में एचआईवी/एड्स की दर 1.36 प्रतिशत है, जो पूरे देश में 0.2 प्रतिशत की दर से काफी ज्यादा है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार सामान्य आबादी में एचआईवी/एड्स की दर 1.61 प्रतिशत है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि नागालैंड में 2006 से 2023 तक लगभग 16 लाख रक्त नमूनों की जांच के बाद कुल 33,396 व्यक्ति एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। 2023-24 के दौरान परीक्षण किए गये कुल रक्त नमूनों में से 1.17 प्रतिशत एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। इसके अलावा, एचआईवी पॉजिटिव पाए गए 14.83 प्रतिशत मरीजों का उपचार चल रहा है। वर्ष 2023-24 के दौरान 14 वर्ष से कम आयु के जिन बच्चों के रक्त की जांच की गई, उनमें से 2.06 प्रतिशत बच्चे एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि 14 वर्ष से कम आयु के एचआईवी पॉजिटिव बच्चों में 53.70 प्रतिशत लड़के और 46.30 प्रतिशत लड़कियां थीं। अक्टूबर 2007 से नवंबर 2023 तक 14 वर्ष से कम आयु के कुल 1,385 बच्चे (2,099 प्रतिशत) एचआईवी पॉजिटिव पाए गए।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के लिए संगम क्षेत्र में व्यवस्थाओं और तैयारी कार्यों का निरीक्षण किया.

## कोई व्यवस्था नहीं थी, काउंटर खुलते ही मची भगदड़'; चश्मदीदों ने बयां किए तिरुपति हादसे के हालात

तिरुपति (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में हुई भगदड़ में 6 लोगों की मौत हो गई। घटना के चश्मदीदों ने जो बताया, वह हैरान कर देने वाला है। एक महिला ने कहा कि टिकट लेने के लिए भीड़ काफी ज्यादा इकट्ठी हो गई थी। उसने कहा कि पहले से टिकट खरीद लेने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई थी। जैसे ही पुलिसकर्मियों ने टिकट वितरण के लिए दरवाजा खोला, लोगों की भीड़ वहां टूट पड़ी। महिला ने कहा कि उसके परिवार के 20 सदस्य वहां मौजूद थे, जिसमें से 6 घायल हो गए। महिला ने कहा कि वहां बड़ी संख्या में पुरुष श्रद्धालु भी थे, जो टिकट के लिए दौड़ पड़े थे। इस कारण भी कई महिला श्रद्धालुओं को चोटें आईं, जिनका इलाज किया जा रहा है।

श्रद्धालु ने बताया कि काफी भीड़ होने के कारण भगदड़ मची। जैसे ही पुलिसकर्मियों ने दरवाजा खोला, लोग टिकट खरीदने के लिए टूट पड़े। टोकन पहले खरीद लेने की कोई व्यवस्था ही नहीं थी। मेरे परिवार के 20 लोगों में 6 घायल हैं। हम 11 बजे लाइन में खड़े हुए थे। कतार में इंतजार करने के दौरान हमें दूध और बिस्किट दिया गया। पुरुषों की भीड़ टोकन खरीदने के लिए दौड़ पड़ी, इसमें कई महिलाएं घायल हो गईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया

## दिल्ली में केजरीवाल ताकतवर, देशद्रोही कहना ठीक नहीं - संजय राउत

महाराष्ट्र (आरएनएस)। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की स्थिति को लेकर राजनीतिक दल असमंजस में हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ही प्रमुख दल हैं और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की ताकत सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी अच्छे मार्जिन से जीत रही है और यह स्थिति पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए अहम है, जो उन्हें आगे चलकर उत्साहित करेगी। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन में हैं। वहीं, उन्होंने कांग्रेस नेता अजय माकन के अरविंद केजरीवाल को देशद्रोही बताने की निंदा की। कहा कि केजरीवाल को देशद्रोही करार देना ठीक नहीं है। हम इस बयान से सहमत नहीं हैं, क्योंकि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी भी इंडिया ब्लॉक के सम्माननीय सदस्य हैं, जिसका नेतृत्व कांग्रेस कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि लोकसभा चुनाव में वे कांग्रेस के साथ हैं और महाराष्ट्र में भी कांग्रेस के साथ गठबंधन बनाए रखेंगे। संजय राउत ने कहा कि दिल्ली में चुनावी स्थिति अलग है और इस बार दोनों पार्टियों के एक साथ चुनाव लड़ने से कार्यकर्ताओं को खुशी होगी, क्योंकि इससे गठबंधन और मजबूत होगा। राउत बोले, लोकसभा के लिए जो गठबंधन हुआ था, वह बीजेपी के खिलाफ था और उसे किसी स्थानीय चुनाव से नहीं जोड़ना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी चुनाव में उम्मीदवारों और प्रचार की रणनीति का फैसला ठाकरे जी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के बाद लिया जाएगा।

### शंभू बॉर्डर पर किसान ने निगला जहर, केंद्र के बातचीत न करने से था नाराज; एक पहले ही कर चुका है खुदकुशी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। शंभू बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन में एक किसान ने सल्फास निगल लिया। किसान की पहचान रेशम सिंह (55) जिला तरनतारन पहूविंड के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक रेशम सिंह शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 11 महीने से आंदोलन के बावजूद सरकार की तरफ से इसका समाधान न निकालने से नाराज था। अंतिम समाचार मिलने तक किसान की हालत गंभीर बनी हुई है। किसान रेशम सिंह को पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बॉर्डर पर मौजूद साथी किसानों ने बताया कि सुबह लंगर स्थल के पास ही किसान ने सल्फास निगला। जैसे ही इस बारे में किसानों को पता चला तो उन्हें तुरंत मौके पर प्राथमिक सहायता दी गई। इसके बाद उन्हें लेकर तुरंत अस्पताल के लिए रवाना हो गए। बता दें इससे पहले भी 14 दिसंबर को किसान रणजोध सिंह ने सल्फास निगल लिया था। वह उस दिन दिल्ली कूच न करने देने से नाराज हुआ था। करीब 4 दिन बाद उसकी पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में मौत हो गई थी।



भारतीय नौसेना के गोताखोरों ने असम के दीमा हसाओ के उमरंगसो में फंसे खनिकों तक पहुंचने के लिए बचाव अभियान चलाया.



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने तिरुपति भगदड़ में घायल एक व्यक्ति से तिरुपति के एक अस्पताल में मुलाकात की.

# हरियाणा में बेरोजगार युवाओं के लिए खुलेगा नौकरी का पिटारा, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की बड़ी घोषणा

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के युवाओं के लिए बड़ी घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश में रोजगार और विकास की दिशा में नई पहल की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अब तक 171,000 युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी दी है और आने वाले वर्षों में 200,000 नई नौकरियां देने का संकल्प लिया है। इस घोषणा से उन युवाओं में उम्मीद जगी है जो सरकारी नौकरी पाने का सपना देख रहे हैं।

योग्यता के आधार पर नौकरी देने की प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हरियाणा में युवाओं को बिना किसी पर्ची-खर्ची के नौकरी दी जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सरकार योग्यता के आधार पर नौकरी देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने न केवल पारदर्शिता के साथ युवाओं को रोजगार के अवसर दिए हैं, बल्कि कौशल विकास के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का भी प्रयास किया है।


राष्ट्रीय युवा महोत्सव :

हरियाणा का लक्ष्य प्रथम स्थानहरियाणा के मुख्यमंत्री ने 10 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले आगामी राष्ट्रीय युवा महोत्सव के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि पिछले साल हरियाणा ने इस महोत्सव में दूसरा स्थान हासिल किया था। इस बार राज्य का लक्ष्य प्रथम स्थान प्राप्त करना है।मुख्यमंत्री ने कहा, हरियाणा के युवाओं में अद्वितीय प्रतिभा है। वे जहां भी जाते हैं, अपने काम से राज्य का नाम रोशन करते हैं। हमारे युवा हर क्षेत्र में मजबूत हैं और किसी भी मंच पर अपनी पहचान बनाने में सक्षम हैं।

युवाओं के विकास के लिए सरकारी योजनाएं

हरियाणा सरकार युवाओं को प्रोत्साहित करने और उनकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है=

1. कौशल विकास कार्यक्रम= युवाओं को रोजगार के लिए आवश्यक कौशल सिखाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। 2. स्टार्टअप और उद्यमिता=युवा उद्यमियों को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। 3. शिक्षा के क्षेत्र में सुधार= स्कूल और कॉलेज स्तर पर शिक्षा के मानकों में सुधार करके युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान की जा रही है।



अभिनेत्री-निर्माता प्रियंका चोपड़ा जोनास ने ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट की गई फिल्म अनुजा को कार्यकारी निर्माता के रूप में शामिल किया है। इस फिल्म के निर्माता पहले से ही दो बार अकादमी पुरस्कार विजेता गुनीत मोंगा और मिंडी कलिंग हैं। अनुजा उन 15 फिल्मों में से एक है जिन्हें एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा लाइव एक्शन शॉर्ट श्रेणी में चुना गया है। एडम जे ग्रेव्स और सुचित्रा मट्टई द्वारा निर्देशित, अनुजा नौ वर्षीय प्रतिभाशाली अनुजा की कहानी है,

# मौनी रॉय की ग्लैमरस तस्वीरों ने इंटरनेट पर मचाया धमाल, फैंस और सितारों ने लुटाया प्यार

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। एक्ट्रेस मौनी रॉय सोशल मीडिया लवर हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।

टीवी और बॉलीवुड की लोकप्रिय अदाकारा मौनी रॉय ने अपने लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट से सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है. मौनी ने अपने ग्लैमरस अवतार में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं. इन तस्वीरों में मौनी ब्लैक एंड वाइट प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट में नजर आ रही हैं और उनका आत्मविश्वास और स्टाइल हर किसी का ध्यान खींच रहा है.

एक्ट्रेस मौनी रॉय आए दिन अपनी अदाओं से बोल्डनेस का तड़का फैंस के बीच लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं।

एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी हर अदाओं पर अपना दिल हार जाते हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस मौनी रॉय अपनी हर अदाओं से सोशल मीडिया का पारा गर्म करने लगती हैं। उनका स्टनिंग अवतार सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है।

मौनी ने इन तस्वीरों के साथ मजेदार कैप्शन लिखा, समस्या का हिस्सा क्यों बनें; पूरी समस्या बनें। उनके इस अंदाज पर फैंस और सेलेब्रिटी जमकर प्यार बरसा रहे हैं.



दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और मृणाल ठाकुर जैसे सितारों ने कमेंट सेक्शन में फायर और हार्ट इमोजी के साथ उनकी तारीफ की है.

इंडियन हो या फिर वेस्टर्न मौनी रॉय का हर अंदाज काफी शानदार होता है। उनके हर एक स्टाइल को फैंस काफी ज्यादा फॉलो करते हैं।

**हिमेश रेशमिया की फिल्म बैडएस रवि कुमार का पहला गाना दिल के ताज महल में जारी**


गायक और अभिनेता हिमेश रेशमिया मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म बैडएस रवि कुमार को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में कोरियोग्राफर और अभिनेता प्रभु देवा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

### बर्थडे पर फैंस को बिग सरप्राइज देंगे केजीएफ स्टार यश, फिल्म टॉक्सिक से छोड़ा नया डैशिंग पोस्टर

रॉकिंग स्टारर यश ने अपनी अगली मोस्ट अवेटेड फिल्म टॉक्सिक की तैयारी में जुट गए हैं. यश ने अपनी केजीएफ फ्रेंचाइजी से वर्ल्डवाइड खूब पॉपुलैरिटी बटोर ली है. इसके बाद से यश के फैंस को उनकी अगली फिल्म टॉक्सिक का बेसब्री से इंतजार है. यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक आगामी महीनों में ही रिलीज होने जा रही है. बीते साल फिल्म टॉक्सिक का एलान किया गया था और फिल्म से एक टीजर छोड़ा गया था. इसके बाद से यश के फैंस को फिल्म टॉक्सिक की अगली अपडेट का इंतजार है, जो अब बहुत जल्द फैंस को तोहफा मिलने जा रहा है. यश ने आज 6 जनवरी को अपनी फैंस को फिल्म टॉक्सिक से नया सरप्राइजिंग अपडेट दिया है. वहीं, यश 8 जनवरी को अपने 39वें बर्थडे पर फैंस को बड़ा सरप्राइज देंगे.5टॉक्सिक एक

# बंदिश बैंडिट्स की अभिनेत्री श्रेया ने कहा, नसीरुद्दीन शाह की प्रतिक्रिया मेरे लिए बड़ा पुरस्कार

बंदिश बैंडिट्स सीजन 2 के प्रमुख किरदारों में से एक अभिनेत्री श्रेया चौधरी ने कहा कि दिग्गज स्टार नसीरुद्दीन शाह की प्रतिक्रिया और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। पंडित जी का किरदार निभाने वाले नसीरुद्दीन शाह के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए श्रेया ने कहा, नसीरुद्दीन सर मेरी प्रेरणा के सबसे बड़े स्त्रोत हैं। मैंने सीजन एक में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैं भाग्यशाली थी कि मुझे उन्हें देखने और उनके साथ काम करने का मौका मिला। अभिनेत्री ने कहा,सीजन 2 देखने के बाद सर से संदेश मिलना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान है। प्रदर्शन के लिए उनकी प्रतिक्रिया और प्रशंसा मेरे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। यह बहुत संतुष्टिदायक और आश्वस्त करने वाला है, और मुझे यह एहसास दिलाता है कि एक कलाकार के तौर पर मैं तैयार हो रही हूं। म्यूजिक सीरीज बंदिश बैंडिट्स में नए कलाकार ऋत्विक भौमिक ने हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार राधे राठौड़ की भूमिका निभाई है और श्रेया चौधरी इसमें पॉप गायिका तमन्ना शर्मा की भूमिका निभा रही हैं। इसमें संगीत एक अनुशासन बनाम मुक्ति का साधन होने की बहस की पड़ताल करता है। इस सीरीज में अर्जुन रामपाल, शीबा चड्ढा और अतुल कुलकर्णी



जैसे कई अन्य नाम भी शामिल हैं। उन्होंने फिल्म निर्माता इम्तियाज अली को यह विश्वास दिलाने का श्रेय दिया था कि वह एक कलाकार बन सकती हैं। इम्तियाज अली की लघु फिल्म द अदर वे में श्रेया ने कहा, इम्तियाज सर ने मुझे विश्वास दिलाया कि मैं एक कलाकार बन सकती हूं, और उनके साथ काम करने से मेरा यह सपना और मजबूत हुआ। अब मैं बड़ा सपना देख सकती हूं और इस पेशे को अपना सकती हूं।

### इमरजेंसी का दूसरा ट्रेलर रिलीज, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में खूब जंच रहीं कंगना रनौत

कंगना रनौत स्टारर पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट नजदीक आ रही है. फिल्म इमरजेंसी मौजूदा महीने में ही रिलीज होने जा रही है. कई बार विरोध झेलने के बाद फिल्म को सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है. अब जब फिल्म आने वाले दस दिनों में रिलीज होने जा रही है तो फिल्म इमरजेंसी का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो चुका है. कंगना रनौत ने अपनी मचअवेटेड फिल्म इमरजेंसी का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो चुका है.

कंगना रनौत ने इससे पहले बीते साल 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर फिल्म का पहला ट्रेलर रिलीज किया था. वहीं, फिल्म आगामी 17 जनवरी को रिलीज होने जा रही है. ऐसे में फिल्म इमरजेंसी का ट्रेलर एक बार फिर रिलीज किया गया है. ट्रेलर की शुरुआत अनुपम खेर के जयप्रकाश नायारण रोल से होती है, जोकि जेल से तत्कालीन प्रधानमंत्री को एक पत्र लिख रहे हैं. इस सीन के बाद कंगना रनौत की बतौर देश की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी के रोल में एंट्री होती है, जोकि अपने पीएमओ ऑफिस में बैठी हैं, जहां वह कहती हैं कि मैं ही कैबिनेट हूं, इसके बाद ताबड़तोड़ गोलियां की आवाज और जनता व पुलिस की झड़प, वहीं, इसके बाद साल 1971 के युद्ध का एलान होता है और फिर दुश्मन और इंडियन आर्मी की जंग के विजुअल्स दिखाए जाते हैं, वहीं, इस सीन में एक्टर मिलिंद सोमन को सैम मानेकशॉ के रोल में देखा जाता है. ट्रेलर का अंत इंदिरा इज इंडिया से होता है. बता दें, फिल्म में कंगना रनौत, अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, सतीश कौशिक, मिलिंद सोमन, महिला चौधरी और विशाक नायर अहम पॉलिटिकल लीडर्स के रोल में हैं. इस फिल्म का निर्देशन खुद कंगना रनौत ने किया है. फिल्म 17 जनवरी को रिलीज होने जा रही है. बता दें, कंगना रनौत बीते 9 सालों से बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप चल रही हैं और इस फिल्म से उन्हें बड़ी उम्मीद है. कंगना रनौत अब एक पॉलिटिकल लीडर भी हैं. बीते लोकसभा चुनाव 2024 में वह हिमाचल की मंडी सीट से बतौर बीजेपी कैंडिडेट चुनाव जीती हैं.

# थमने का नाम नहीं ले रहा पुष्पा 2 का तूफान, बनी 800 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाली पहली हिंदी फिल्म

पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर अपनी रिलीज के एक महीने बाद भी धमाल मचा रही है, हालांकि इसकी रफ्तार थोड़ी धीमी जरूर हो गई है. दमदार कमाई और रिकॉर्ड तोड़ते हुए, एक्शन-थ्रिलर भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी कमाई करने वाली फिल्म बनने के लिए तेजी आगे बढ़ रही है. वर्तमान में यह भारतीय सिनेमा की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है. अब इसकी नजर आमिर खान की दंगल पर है. और इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए इसे 2070 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करना होगा.

पुष्पा 2 ने एक महीने में कई सारे रिकॉर्ड तोड़े और बनाए हैं. इसने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. जबकि दुनियाभर में इसने प्रभास की फिल्म बाहुबली 2 को पछाड़ते हुए 1800 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई कर ली है. 31 दिनों की अपार सफलता के बाद यह बॉक्स ऑफिस पर रन कर रही है. हालांकि इसकी रफ्तार पहले से कम हो गई है. बीते कुछ दिनों से फिल्म सिंगल डिजिट में कमाई कमाई कर रही है. 5वें हफ्ते से अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सिंगल डिजिट में कलेक्शन कर रही है. सैकनिलक के अनुसार, 5वें गुरुवार को फिल्म ने 5 करोड़ रुपये कमाए. वहीं शुक्रवार को फिल्म की सबसे कम कमाई हुई. 30वें दिन फिल्म ने 3.75 करोड़ रुपये कमाए. शनिवार को इसकी कमाई में 46.67 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला. 5वें शनिवार को फिल्म ने 5.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. अपने 32वें दिन, फिल्म ने 7 करोड़ की कमाई की. इसी के साथ फिल्म ने भारत में सभी भाषाओं में 1200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही है. पुष्पा 2 का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल कलेक्शन 1206 हो गया है.

सुकुमार की निर्देशित इस फिल्म ने न केवल दर्शकों को दिल जीत रही है, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी धमाल मचा दिया है. पुष्पा 2 के हिंदी डब ने भारत में 800 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे अल्लू अर्जुन की फिल्म यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली हिंदी फिल्म बन गई है. रविवार को, माइथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के साथ इस उपलब्धि का जश्न मनाया. मेकर्स ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ब्रांड पुष्पा ने हिंदी में 800 करोड़ क्लब का उद्घाटन किया. पुष्पा 2: द रूल ने 31 दिनों में 806 करोड़ नेट के साथ हिंदी में रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन किया है. 31 दिनों के बाद फिल्म ने 32वें दिन भी हिंदी बेल्ट में अच्छी कमाई की है. फिल्म ने 5वें रविवार को 5.5 करोड़ रुपये कमाए है, जिसके बाद अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म की हिंदी डब में कुल 811.5 करोड़ रुपये हो गए हैं. वैश्विक स्तर पर 1800 करोड़ रुपये की कमाई के साथ पुष्पा 2 ने रिकॉर्ड कायम कर दिया है, इसने ना सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बल्कि दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर भी बाहुबली 2 को पीछे छोड़ दिया है

### बॉक्स ऑफिस: बेबी जॉन की कमाई में मामूली बढ़त, 12वें दिन रहा ऐसा हाल

अभिनेता वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन रिलीज के पहले ही दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है। इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन दर्शकों ने इसे साफ नकार दिया है। आलम यह है कि केवल 10 दिन में इस फिल्म की कमाई लाखों में सिमट गई। हालांकि, वीकेंड पर बेबी जॉन के कारोबार में मामूली बढ़त देखने को मिली है। आइए बताते हैं 12वें दिन फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर क्या हाल रहा। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बेबी जॉन ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे रविवार को 90 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 38.60 करोड़ रुपये हो गया है। यह फिल्म सिनेमाघरों में अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है। इसका बजट 180 करोड़ रुपये बताया जा रहा है और यह अब तक अपनी आधी लागत भी नहीं निकाल पाई।

# सर्दी में कितने घंटे सोना चाहिए जानिए ठंड में क्यों आती है ज्यादा नींद!

ऑफिस हो या फिर घर सर्दियों में हर जगह लोगों को नींद बहुत आती है. सर्दियों में दिन छोटे होते हैं और रातें लंबी होती है. इसके बाद भी ऐसा लगता है कि नींद पूरी नहीं हुई है. क्या आपको पता है सर्दी में कितने घंटे सोना चाहिए या फिर ठंड में क्यों ज्यादा नींद आती है महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेंज के साइकेट्रिस्ट डॉ. हर्षल साठे बताते हैं गर्मी के दिनों की तुलना में ठंड में लोग डेढ़ से दो घंटे अधिक सोते हैं. दिन का उजाला और रात का अंधेरा नींद के पैटर्न को प्रभावित करते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.



हार्मोनल बदलाव की वजह से आती है नींद

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक जब हम प्रकाश के संपर्क में आते हैं तो ब्रेन का खास एरिया एक्टिव होता है. इससे मेलाटोनिन हार्मोन और शरीर के टेंपरेचर को कंट्रोल होता है. हमारा शरीर मेलाटोनिन नाम का एक स्लीप हार्मोन बनाता है. जब सूर्यास्त होता है और अंधेरा धीरे-धीरे बढ़ने लगता है तो मेलाटोनिन का लेवल बढ़ने लगता है. इसका मतलब होता है कि अब सोने का समय हो गया है. सुबह में जब सूर्य की रोशनी बढ़ने लगती है तो मेलाटोनिन लेवल भी घटने लगता है. यह सिग्नल होता है कि अब उठने का समय हो गया है.

तापमान में बदलाव भी जिम्मेदार

सर्दियों में तापमान कम होता है इसलिए नींद अधिक आती है जबकि गर्मियों में नींद कम आती है. इसका कारण यह है कि गर्मियों में हमारा ब्रेन ज्यादा एक्टिव रहता है जबकि ठंड के दिनों में ब्रेन कम एक्टिव रहता है. इससे नींद पर असर पड़ता है. ब्रेन के कम एक्टिव रहने पर न्यूरो ट्रांसमीटर्स की सक्रियता भी घट जाती है.

सर्दी में कितने घंटे सोना चाहिए

गर्मियों में लोग एवरेज 6-7 घंटे सोते हैं लेकिन ठंड के दिनों में लोग 2 से 2.5 घंटे ज्यादा सोते हैं. सर्दियों में शरीर को हेल्दी रखने के लिए एक वयस्क व्यक्ति को सर्दी के मौसम में 7-10 घंटे की नींद लेना चाहिए.

सर्दियों में क्यों होता है मूड स्वींग

रिपोर्ट के मुताबिक ठंड के दिनों में सूर्य की रोशनी कम होने से शरीर के इंटरनल बॉडी क्लॉक पर निगेटिव असर पड़ता है. सूर्य की रोशनी कम होने से सेरोटोनिन लेवल भी घट जाता है. सेरोटोनिन एक तरह का न्यूरोट्रांसमीटर है जिसके घटने-बढ़ने से हमारा मूड बदलता है. सूरज की रोशनी से विटामिन-डी बनता है. विटामिन-डी एनर्जी के लेवल को बनाए रखने में मदद करता है. सर्दियों में सूरज की रोशनी कम मिलने के कारण विटामिन-डी की कमी हो सकती है,

# चेहरे पर दिखने लगता है तनाव का असर, इन 5 संकेतों से पहचाने

तनाव का असर केवल हमारे मन पर नहीं, बल्कि चेहरे पर भी साफ दिखाई देता है। यह लेख उन संकेतों को समझने में मदद करेगा, जो तनाव के कारण आपके चेहरे पर उभर सकते हैं। चाहे आप महिला हों या पुरुष, इन संकेतों को पहचानकर आप समय रहते अपने स्वास्थ्य का ख्याल रख सकते हैं।

चेहरे पर तनाव के संकेतों को जानना जरूरी है ताकि आप सही समय पर उपाय कर सकें और अपनी सेहत को बेहतर बना सकें।

आंखों के नीचे काले घेरे होना

आंखों के नीचे काले घेरे अक्सर नींद की कमी और तनाव का नतीजा होते हैं। तनाव में हमारी नींद प्रभावित होती है, जिससे ये घेरे बन जाते हैं। यह आपकी सुंदरता के साथ स्वास्थ्य की स्थिति को भी दर्शाता है। इसे कम करने के लिए पर्याप्त नींद लेना और आरामदायक दिनचर्या अपनाना जरूरी है। ठंडे पानी से चेहरा धोना और खीरे के टुकड़े आंखों पर रखना भी फायदेमंद हो सकता है। तनाव का एक अन्य प्रमुख संकेत त्वचा का रूखापन होता है। जब हम मानसिक दबाव में होते हैं, तो शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जिससे त्वचा सूखी और बेजान लगने लगती है।

इस समस्या से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए और मॉइस्चराइजर का उपयोग करना चाहिए ताकि त्वचा हाइड्रेटेड रहे।

इसके अलावा संतुलित आहार लेना भी जरूरी होता है, जिसमें



विटामिन्स और मिनरल्स शामिल हों, जो त्वचा को पोषण प्रदान करें।

चेहरे पर मुंहासों का बढ़ते जाना

तनावग्रस्त होने पर हार्मोनल बदलाव होते हैं, जो मुंहासे या पिंपल्स पैदा कर सकते हैं। यह समस्या खासकर युवाओं में अधिक देखी जाती है क्योंकि उनकी त्वचा संवेदनशील होती है।

इससे बचने के लिए नियमित रूप से चेहरा साफ करना चाहिए और तैलीय खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए, जो इस समस्या को बढ़ा सकते हैं। साथ ही योग या मेडिटेशन जैसी तकनीकों का सहारा लेकर मानसिक शांति प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए, जिससे तनाव कम हो सकेगा। झुर्रियों का जल्दी आना तनाव का संकेत हो सकता है क्योंकि चिंता के समय मांसपेशियां सख्त हो जाती हैं, जिससे झुर्रियां बनती हैं। इसे रोकने के लिए चेहरे की मालिश करें, जिससे रक्त संचार बेहतर होता है और मांसपेशियों को आराम मिलता है। एंटी-एजिंग क्रीम या सीरम का उपयोग भी मददगार हो सकता है।

सबसे अहम यह है कि खुद को मानसिक रूप से शांत रखने की कोशिश करें ताकि झुर्रियां जल्दी न आएं। तनावग्रस्त होने पर होंठ सूखे दिख सकते हैं क्योंकि शरीर में पानी की कमी होती रहती है, जिसके कारण होंठ फट जाते हैं। इसे ठीक करने के लिए लिप बाम या नारियल तेल जैसे प्राकृतिक उत्पाद इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -290

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 289 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. ( 110 जा.फौ. ) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 85 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 ( 3 ) बी.एन.एस.एस ( 107/116 जा.फौ. ) के तहत, एवं 17 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस ( 151 जा.फौ. ) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 9 गैरम्यादी, 34 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 23 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये



### स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 के लिए निगम प्रशासन की व्यापक तैयारियाँ

# सफाई कार्यो में लगे सभी वाहनों का निगमायुक्त प्रीति यादव ने स्वयं अपनी उपस्थिति में कराया भौतिक सत्यापन

### कचरा संग्रहण वाहन के ड्राईवर और हेल्पर की समस्यायों को सुन उनका जल्द निराकरण करने का दिया आश्वासन





### समय-समय पर वाहनों की चेकिंग के लिए वाहन चेकिंग शिविर लगाने के भी निगमायुक्त प्रीति यादव ने दिए निर्देश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 के लिए शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अंतर्गत कार्य करने निगम प्रशासन के द्वारा व्यापक तैयारियाँ की जा रही है। आज इस दिशा में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा सर्वप्रथम शहर की सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था में लगे नगर निगम के वाहनों का अपनी उपस्थिति में आज भौतिक सत्यापन अधिकारियों से कराया गया। इस अवसर पर डोर टू डोर कचरा वाहनों के अलावा निगम प्रशासन के अन्य वाहनों जैसे, डम्फर, 407, ट्रेक्टर ट्राली, आदि वाहनों की भी जाँच कराई गयी और देखा गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 के लिए जारी मापदण्डों के अनुरूप डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने में लगे वाहनों में सुविधाएँ उपलब्ध है अथवा नहीं की जाँच कराई गयी और जो भी कमियाँ दिखाई दी उसे तत्काल सुधरवाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी वाहनों के कागजों एवं बीमा के संबंध में सभी आवश्यक दस्तावेजों की जाँच की और वाहनों की फिटनेश से संबंधित एक-एक कागजों को दुरूस्त करने और एक-एक कॉपी वाहनों में भी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी कचरा संग्रहण वाहनों में अलग-अलग कचरे सुखा, गीला, घरेलू अपशिस्ट, सेनेटरी अपशिस्ट के लिए अलग-अलग कलर नीले, हरे, काले, पीले कलर के कवर्ड कम्पार्टमेंट की व्यवस्था, सभी गाड़ियों में रूट चार्ट, पी.ए. सिस्टम, टोल फ्री नम्बर आदि की व्यवस्था अनिवार्यता रहनी चाहिए साथ में कचरा संग्रहण वाहनों के ड्राईवर एवं हेल्पर पी.पी.ई. किट में होने चाहिए।

निगमायुक्त ने सभी वाहनों को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 के मापदण्डों के अनुरूप दुरूस्त कराने कार्यपालन यंत्री कर्मशाला जी.एस. मरावी को समय-समय पर जांच के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए। भौतिक सत्यापन शिविर के दौरान कचरा संग्रहण वाहनों के ड्राईवर और हेल्पर ने अपनी समस्यायों को बताया जिसके लिए आगामी दो से तीन दिन में सभी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश उपायुक्त स्वस्थ्य संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जयसवाल को दिए। भौतिक सत्यापन के मौके पर सहायक यंत्री कर्मशाला देवेन्द्र चौहान, एस.बी.एम. सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, अर्जुन यादव, सुनील गुजराती, पोला राव, धर्मेन्द्र राज, सभी संभागों के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

## केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा 13 ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव और बीना-गुना मेमू गाड़ी के विस्तार का शुभारंभ किया गया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) ।पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर 10 जनवरी 2025 को माननीय केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री,भारत सरकार श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने 13 ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव औरबीना-गुना मेमू स्पेशल ट्रेन का रुठियाई स्टेशन तक विस्तारित सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने अशोकनगर स्टेशन पर आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया। माननीय मंत्री जी ने गुना संसदीय क्षेत्र में रेलवे द्वारा किये गए विकास कार्यो के संबंध में अशोक नगर के गणमान्य नागरिकों को संबोधित किया।

इस अवसर पर श्री ब्रजेन्द्र यादव माननीय विधायक मुंगावली, श्री जजपाल सिंह पूर्व माननीय विधायक अशोकनगर, श्री अजय यादव माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत अशोकनगर, श्री नीरज मनोरिया माननीय अध्यक्ष नगर पालिका अशोकनगर एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति, मीडिया प्रतिनिधि तथा रेल प्रशासन की ओर से मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर , वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक तथा अन्य रेलवे अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। गाड़ियों के प्रायोगिक ठहराव की समय-सारणीः-

यात्रियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित गाड़ियों के ठहराव की घोषणा की गईः-

* गाड़ी संख्या 18573 विशाखापट्टनम-भगत की कोठी एक्सप्रेस, अशोकनगर स्टेशन पर हर शुक्रवार को 04:28 बजे आगमन और 04:30 बजे प्रस्थान।

* गाड़ी संख्या 19053 सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, मुंगावली स्टेशन पर हर शुक्रवार को 22:18 बजे आगमन और 22:20 बजे प्रस्थान।

* गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस, मुंगावली स्टेशन पर हर शनिवार को 10:43 बजे आगमन और 10:45 बजे प्रस्थान।

* गाड़ी संख्या 22194 दौंड-ग्वालियर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, बदरवास स्टेशन पर हर शनिवार को 19:18 बजे आगमन और 19:20 बजे प्रस्थान।* गाड़ी संख्या 18574 भगत की कोठी-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस, अशोकनगर स्टेशन पर हर रविवार को 09:46 बजे आगमन और 09:48 बजे प्रस्थान। * गाड़ी संख्या 20482 तिरुचिरापल्ली-भगत की कोठी एक्सप्रेस, मुंगावली स्टेशन पर हर रविवार को 16:18 बजे आगमन और 16:20 बजे प्रस्थान।

* गाड़ी संख्या 19054 मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस, मुंगावली स्टेशन पर हर सोमवार को 00:25 बजे आगमन और 00:27 बजे प्रस्थान।

# रानी दुर्गावती विवि के विधि की परीक्षा प्रारंभ



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय की विधि थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा आज से प्रांरभ हुई है परीक्षा के प्रथम दिवस ही कुलसचिव राजेंद्र कुररिया जी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया. उन्होंने हितकारिणी महिला महाविद्यालय परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया उन्होंने केंद्र में व्यवस्था आदि का जायजा लिया और सभी व्यवस्था दुरुस्त पाई. केंद्र में तैनात अधिकारियों और प्राध्यापको को परीक्षा सफलता से संपन्न कराने के लिए शुभकामना प्रेषित की.

# आउटसोर्स लाइन मेंटेनेन्स स्टाफ रामविलास ने सुरक्षा ट्रेनिंग देकर पेश किया अनुकरणीय उदाहरण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स के आउटसोर्स कर्मी श्री रामविलास ने एक अनूठा उदाहरण पेश करते हुये में एम.पी. ट्रांसको के नियमित कर्मियों सहित अन्य आउटसोर्स कर्मियों को ट्रांसमिशन लाइन एवं सबस्टेशनों में सुरक्षित कार्य करने हेतु एक सुरक्षा ट्रेनिंग दी। सामान्यतः एम.पी. ट्रांसको में इस तरह की ट्रेनिंग वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ इंजीनियर्स द्वारा दी जाती रही है, परंतु मध्यप्रदेश में यह पहला मौका है जब किसी आउटसोर्स कर्मी ने सुरक्षा संबंधी समस्त प्रक्रियाओं को पहले अच्छे से समझा जाना और फिर स्वंय प्रशिक्षित होकर अन्यों को भी प्रशिक्षित करने का उल्लेखनीय कार्य किया। श्री रामविलास ने 220 के.व्ही. सबस्टेशन विदिशा में एम.पी. ट्रांसको के 35 अधिकारी/ कर्मचारियों को ट्रांसमिशन लाइन और सबस्टेशनों में कार्य के दौरान प्रयोग किये जाने वाले सेफ्टी बेल्ट के उपयोग करने के तरीके, इसके बांधने से होने वाली सुरक्षा तथा सेफटी बेल्ट बांध कर कार्य करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। एक मेंटेनेन्स कर्मी द्वारा दिये गये इस व्यावहारिक ट्रेनिंग से उपस्थित मेंटेनेन्स स्टाफ का न केवल मनोबल बढ़ा बल्कि सभी ने कार्य के दौरान अनिवार्य रूप से सुरक्षा बेल्ट बांधने की शपथ भी ली। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने श्री रामविलास के इस प्रयास की सराहना करते हुये इसे अन्यों के लिये अनुकरणीय बताया।



**क्या और क्यों जरूरी है कार्य के दौरान सेफ्टी बेल्ट के उपयोग-**

सेफ्टी बेल्ट पूरे शरीर की सुरक्षा हेतु एक व्यक्तिगत सुरक्षात्मक उपकरण है जिसे कार्यस्थल पर या ऊंचाई पर होने वाली अन्य गतिविधियों के दौरान गिरने और चोट लगने से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सेफ्टी बेल्ट पूरे शरीर की सुरक्षा के लिये है उपयोगकर्ता को कमर, छाती और कंधों के चारों ओर लपेटकर पूरी सुरक्षा प्रदान करते हैं। गिरने के दौरान पूरे शरीर में समान रूप से बल को वितरित करके गिरने की तीव्रता को कम करते हैं और शरीर को संतुलित तरीके से रोकते हैं।

### स्मार्ट सिटी ने संस्कृति थियेटर, मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स शिव नगर, शक्ति नगर और राजा गोकुलदास धर्मशाला के संचालन एवं संधारण के लिए अनुभवी एजेंसियों से आगे आकर कार्य करने का दिया अवसर

# स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा शहर एवं शहर से लगे आस पास के क्षेत्रों में कार्य करने वाली एजेन्सियों के लिए दिया बड़ा अवसर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्मार्ट सिटी लिमिटेड जबलपुर के द्वारा शहर एवं शहर से लगे आस पास के क्षेत्रों में कार्य करने वाली एजेन्सियों के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान किया गया है। इस अवसर का लाभ उठाकर एजेन्सी संचालक बड़े पैमाने पर कारोबार कर लाभ अर्जित कर सकते हैं। कार्यपालिक निदेशक एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव एवं जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सी.ई.ओ. अनुराग सिंह ने शहर के सभी उद्योगपतियों, व्यापारियों, एवं अन्य व्यवसायिक वर्ग के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित सभी व्यवसायिक भवानों को किराये पर संचालन एवं संधारण के लिए दिया जाना है। इसलिए आप सभी लोग इस व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए आगे आएँ और संचालन संधारण संबंधी व्यवस्था में अधिक से अधिक भाग लें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी मानस भवन के स्मार्ट सिटी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. अनुराग सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी रवि राव ने जानकारी देते हुए बताया कि भँवरताल कल्चरल स्ट्रीट के पास संस्कृति थियेटर का निर्माण किया गया है जिसमें जबलपुर शहर के कलाप्रेमियों के लिए 200 लोगों की क्षमता का इंडोर थियेटर उपलब्ध है जिसमें फायर सेफ्टी, जनरेटर, लाइट एवं साउंड एवं कंट्रोल रुम, प्रोजेक्टर एवं स्क्रीन लगाए गए है। जबलपुर के कलाप्रेमी अब अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन इस थियेटर मे कर सकेंगे। इसके अलावा थियेटर के बाहर ओपन एयर थियेटर का निर्माण किया है एवं पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध है। ओपन रुफटॉप मे कैफै का निर्माण भी इस थियेटर मे किया गया है। कलाकारों के लिए ग्रीन रूम, एवं ऐड्मिन रूम के साथ साथ कंट्रोल रूम एवं टॉयलेट भी बनाए गए है।




इसी प्रकार शिवनगर, शक्ति नगर में मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है जिसमें जबलपुर शहर के खिलाड़ियों एवं नागरिकों के लिए कई तरह की सुविधाए जैसे बैटमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, वाकिंग ट्रैक, गार्डन, जिम इत्त्यादि उपलब्ध कराये गये है। इसके अतिरिक्त एडमिन रूम, टॉयलेट की सुविधा भी उपलब्ध है।

हैरिटेज कंसर्वेशन परियोजना के अंतर्गत राजा गोकुलदास धर्मशाला के जीर्णोद्धार का कार्य किया गया है। इस कार्य के अंतर्गत राजा गोकुलदास धर्मशाला को अपने मूल रूप में परिवर्तित किया गया है। इसके लिए स्मार्ट सिटी द्वारा सभी अनुभवी एवं इच्छुक सेवा प्रदाता एजेंसियों से ऑन लाइन निविदा में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की गई है। निविदा में भाग लेने द्धह्लह्लश्चह्य द्धह्लह्लश्चह्य्न//द्वश्चह्लद्गठ्ठस्र्द्गह्लह्य.द्द१1.द्बठ्ठ/ठ्ठद्बष्द्द द्ग श्च / ड्ड श्च श्च , द्धह्लह्लश्चह्य्न//द्ध्रह्यष्ह्यद्भड्डह्वड्डह्यश्चह्वह्ल.शह्लद्द/

अधिक जानकारी के लिए 8889999001, 7489995111 पर संपर्क कर सकते हैं।

# हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट कल्पवास स्थल का पूजन सम्पन्न



### 13 जनवरी को होगा शाही स्नान

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में निशुल्क माघ मास कल्पवास 10 वे वर्ष के आयोजन का स्थल पूजन आज एकादशी को आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज शांतानंद भारती महाराष्ट्र के सानिध्य में किया जाएगा ज्ञात हो 13 जनवरी पोष पूर्णिमा शाही स्नान के साथ 434 वी पंचकोसी परिक्रमा एवं निशुल्क माघ मास कल्पवास का शुभारंभ होगा जो 12 फरवरी माघ पूर्णिमा तक चलेगा पूजन अर्चन जगन्नाथ पुरी से पधारे पं अटल चतुर्वेदी पं मोहित तिवारी ने विधि विधान से कराया इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल डॉ शिव शंकर पटेल पं मनमोहन दुबे कल्पवास प्रमुख पप्पू चौबे सह प्रमुख श्याम मनोहर पटेल प्रशासनिक प्रमुख विनोद दीवान छप्पन भोग प्रमुख मनोज गुलाब बनी आदि उपस्थित थे

# सीग्रम्स रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने ग्लोबल सेंसेशन नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ की साझेदारी

(दिल्ली आरएनएस) सीग्रम्स रॉयल स्टैग ने नेटफ्लिक्स पर रिकॉर्ड-तोड़ सफलता हासिल करने वाली सीरीज़ स्क्विड गेम के दूसरे सीज़न के साथ साझेदारी की घोषणा की है। स्क्विड गेम% के साथ यह साझेदारी रॉयल स्टैग की लिव इट लार्ज% फिलॉसफी के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। यह दर्शकों को दुनिया के एक सबसे लोकप्रिय सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनने का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है जो अब तक लाखों दिलों को जीत चुका है। आज के युवाओं के बीच के-ड्रामा बहुत ही लोकप्रिय है। ऐसे में यह सहयोग ब्रांड को युवाओं के जुनून का हिस्सा बनने, उनसे जुड़ने और उनकी आकांक्षाओं में शामिल होने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है।

इस सहयोग के बारे में बात करते हुए, पेरनोड रिकार्ड इंडिया के मार्केटिंग जनरल मैनेजर जॉयदीप बसुरॉय ने कहा, नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम के साथ रॉयल स्टैग का यह सहयोग ब्रांड को के-कल्चर के प्रति युवाओं की दीवानगी का लाभ उठाने में मदद करेगा। इस साझेदारी के साथ न सिर्फ ब्रांड युवाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ेगा, बल्कि इससे ब्रांड की युवा छवि को भी उभारने में मदद मिलेगी। रॉयल स्टैग ब्रांड हमेशा उन लोगों के साथ खड़ा रहा है जो बड़े सपने देखते हैं और पूरे जुनून और उद्देश्य के साथ अपनी जिंदगी जीते हैं। ठीक वैसे ही जैसे कि इस शो में दिखाया गया है। स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ यह साझेदारी हमें अपने दर्शकों और आज की पीढ़ी को एक जीवंत अनुभव और ठोस सामाजिक मूल्य प्रदान करने में मदद करता है।

ब्रांड रहस्यमयी नकाबपोश गार्ड और शो के सिग्नेचर सिंबल के साथ %स्क्विड गेम% के एलिमेंट को प्रदर्शित कर रहा है और विभिन्न डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर इस सहयोग का लाभ उठा रहा है। दर्शक 222.ह्म्श4ड्डद्यह्यह्लड्डद्दद्बड्डठ्ठ.ष्शद्व पर जाकर रोमांचक रॉयल स्टैग एक्स स्क्विड गेम गिवअवे जीतने का मौका पा सकते हैं।

# व्हीएफजे में विंटर कार्निवल 2025 का हुआ भव्य शुभारंभ - बड़ी संख्या में शामिल हुए शहर वासी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में महिला कल्याण समिति के तत्वावधान में विंटर कार्निवल 2025 का शुभारंभ निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक श्री संजीव कुमार भोला के मुख्य आतिथ्य एवं श्रीमती रचना भोला, अध्यक्ष महिला कल्याण समिति व्हीएफजे की गरिमामयी उपस्थिति में हुआद्य इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्हीएफजे के अधिकारियों कर्मचारियों एवं महिला कल्याण समिति के सदस्यों सहित शहर वासी उपस्थित हुएद्य उल्लेखनीय है कि व्हीएफजे के स्पोर्ट्स स्टेडियम में दिनांक 10 से 12 जनवरी तक विंटर कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा हैद्य यह आयोजन प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से रात 9:00 बजे तक आयोजित हो रहे हैंद्य विंटर कार्निवल में अलग-अलग उत्पादों से संबंधित 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैंद्य इसके अलावा झूले, फन गेम्स और कल्चरल प्रोग्राम भी साथ-साथ आयोजित हो रहे हैंद्य आज व्हीएफजे के मुख्य महाप्रबंधक श्री संजीव कुमार भोला एवं महिला कल्याण समिति व्ही की अध्यक्ष श्रीमती रचना भोला ने व्हीएफजे स्टेडियम में रिबन काटकर और दीप प्रज्वलन कर विंटर कार्निवाल का शुभारंभ कियाद्य इसके बाद महिला सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा और सेल्फ डिफेंस पर तीन अलग-अलग वर्कशॉप आयोजित किए गए, जिसमें क्रमशः सुश्री शिवानी मौर्या, असिस्टेंट डायरेक्टर महिला एवं बाल विकास जबलपुर, श्रीमती निर्मला नायक अधिवक्ता मध्यप्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर एवं सुश्री आकांक्षा उपाध्याय डीएसपी जबलपुर ने कार्यशालाओं के माध्यम से सभी महिला हितग्राहियों को संबंधित विषय पर आवश्यक जानकारी प्रदान कीद्य विंटर कार्निवाल में शाम से ही लोगों की भीड़ इकट्ठी होनी शुरू हो गई थी और सभी ने अलग-अलग स्टालों में उत्पादों का जायजा लिया और स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ उठायाद्य इसके साथ ही स्टेडियम में हाई मास्ट फोकस लाइट का उद्घाटन भी निर्मानी के मुख्य महाप्रबंधक महोदय ने किया और सभी लोगों को से समर्पित कियाद्य कल दिनांक 11 जनवरी को फिर से अलग-अलग विषयों पर कार्यशाला आयोजित की जाएगीद्य इसके अलावा जम्मू कश्मीर से आए श्री लकी जी गुप्ता मां मुझे टैगोर बना दो विषय पर थिएटर प्रोग्राम देंगे और साथ ही अन्य फन गेम्स और कल्चर प्रोग्राम भी आयोजित होंगेद्य आज विंटर कार्निवाल के शुभारंभ अवसर पर श्री संजीव कुमार भोला और श्रीमती रचना भोला ने सभी जबलपुर वासियों से अधिक सभी संख्या में भाग लेने की अपील की है





जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना भेड़ाघाट में रात्रि दुर्गेश रजक उम्र 36 वर्ष निवासी नेपियर टाउन मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह भाटिया टायर हाउस तेवर में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं वह भाटिया टायर हाउस में सामने बैठा था तभी ग्राम तेवर के साहिल पटैल, प्रवीण पटैल, दिन्नू पटैल एवं उनके अन्य साथी टायर हाउस के अंदर आये और बिना किसी कारण उसके साथ गाली गलौज करते हुये उसकी कॉलर पकड़कर उसको धक्का दे दिया, उसने पूछा कि क्यों मारपीट कर रहे हो तो साहिल पटैल, प्रवीण पटैल, दिन्नू पटेल एवं अन्य साथी बोले कि तुम्हारी दुकान में गाड़ी

# एमपी के सबसे बड़े फ्लाई ओवर में आई दरार, मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर निरीक्षण करने आए अधिकारी





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में प्रदेश के सबसे लम्बे 7.50 किलोमीटर फ्लाई ओवर की रोटरी के करीब ऊपरी परत में क्रेक आने को गंभीरता से लिया गया है. यहां तक कि 800 करोड़ रुपए की लागत में मदनमहल से दमोह नाका तक बन रहे प्रदेश के सबसे लंबे फ्लाई ओवर की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने लगे. जिससे देखते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर भोपाल से उच्च अधिकारियों का एक दल निरीक्षण करने जबलपुर पहुंचा है.

बताया गया है कि मदनमहल से दमोहनाका फ्लाई ओवर का काम पूरा होने के पहले शुरू हुए महानद्दा से एलआईसी वाले हिस्से में बनी रोटरी के पास चंद महीनों में दरारें पड़ गई है. हाल ही में इसकी कुछ तस्वीरें सामने आई थी. जिसके बाद लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर उच्च स्तरीय जांच दल का गठन किया गया. जो फ्लाई ओवर में आई दरारों का निरीक्षण करने भोपाल से उच्च स्तरीय जांच दल जबलपुर पहुंचा. करीब एक घंटे तक मौके में जांच के बाद दल में शामिल अधिकारियों ने टेक्निकल स्टाफ से चर्चा की और एलिवेटेड कॉरिडोर के पेवमेंट में आई दरारों की वजह का पता लगाने के निर्देश दिए.

अधिकारियों का कहना है कि जल्दी ही रिपोर्ट तैयार कर सरकार के समक्ष पेश की जाएगी. आज जांच दल में लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, प्रमुख अभियंता राणा एवं मुख्य अभियंता एसके वर्मा के साथ अन्य अधिकारी शामिल थे. उनके द्वारा जहां-जहां दरारें आई थी वहां का मुआयना कर फोटोग्राफ्स लिए गए. लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदार से भी इस पूरे मामले में चर्चा की है. एसीएस नीरज मंडलोई ने कहा कि पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर यह जांच की जा रही है.

अभी अधिकारियों ने उन्हें जो जानकारी दी है उसके तहत रोटरी के निर्माण व डिजाइन में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं है. बावजूद फ्लाई ओवर की रोटरी के हिस्से में चंद महीनों में क्रैक किस वजह से आए है इसकी तकनीकी जांच कराई जाएगी. अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने कहा किए मदन महल से दमोह नगर तक कम्प्लीट फ्लाई ओवर का निर्माण फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा और उसी माह इसका उद्घाटन भी किया जा सकता है हालांकि दमोह नाका से फ्लाई ओवर के एक्सटेंशन के कार्य में वक्त लगेगा.

**गढ़ा चंदन कॉलोनी टंकी निर्माण कार्य को समय सीमा में उच्चगुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने कार्यपालन यंत्री को दिये निर्देश**

## आज 4 संभाग के वार्डो में पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था के साथ अतिक्रमण, अवैध निर्माण और जल वितरण कार्यो का भी निगमायुक्त ने किया एक साथ निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान गंदगी पाये जाने पर नेचुरल आईसक्रीम प्रतिष्ठान का कटा चालान - लगाया 5 हजार रूपये का स्पॉट फाइन**





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार शहर की सफाई व्यवस्था में अमूलचूल परिवर्तन लाने प्र्रयास किये जा रहे हैं। इन प्रयासों के तहत् उनके द्वारा प्रतिदिन अलग अलग संभागों के वार्डो में जाकर निरीक्षण भी किया जा रहा है। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने 4 संभाग के वार्डो में अधिकारियों के साथ पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अतिक्रमण, जल वितरण व्यवस्था, अवैध निर्माण के अलावा अन्य विकास कार्यो का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के मौके पर उन्होंने कई स्थानों पर देखा कि मुख्य मार्गो के किनारे लोग अतिक्रमण कर चाय-पान के टपरे रखें है जिससे यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ स्वच्छता के कार्यो पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, जिसे हटवाने के तत्काल निर्देश दिये गये।

निगमायुक्त श्रीमती यादव ने गढ़ा के चंदन कॉलोनी में निर्माणाधीन उच्चस्तरीय पानी की टंकी के कार्यो का भी निरीक्षण किया और निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव को प्रदान किये। निगमायुक्त ने वार्ड भ्रमण के दौरान संभाग क्रमांक 13 के अंतर्गत देखा कि नेचरल आईसक्रीम प्रतिष्ठान के सामने गंदगी हो रही है जिसके कारण स्वास्थ्य अमले को बोलकर मौके पर ही प्रतिष्ठान के विरूद्ध 5 हजार रूपये का चालान कटवाया और प्रतिष्ठान के आस-पास साफ सफाई रखने की हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

## शीतलहर की गिरफ्त में शहर, दिन में ठिठुरन बढ़ी



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर में बादल छँटने के बाद एक बार फिर से ठिठुरन भरी सर्दी का दौर शुरू हो गया है। कड़ाके की सर्दी की यह दूसरी खेप है। इससे पहले दिसंबर में इसी तरह की सर्दी असर दिखा चुकी है। अब एक बार फिर ठंड वही अहसास करा रही है। उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी का असर जबलपुर सहित पूर्वी मध्य प्रदेश में देखा जा रहा है। एक्सपर्ट के अनुसार अभी तीखी और दिन में भी काँपने को मजबूर कर देने वाली इस सर्दी का दौर तीन से चार दिनों तक रह सकता है। इसके बाद शनिवार से हल्के बादल सक्रिय होंगे जिससे तापमान एक बार फिर बादलों की वजह से थोड़ा ऊपर जा सकता है। मौसम में यह उतार-चढ़ाव का दौर बसंत पंचमी के वक्त तक चलता रहेगा। 3 से 4 डिग्री गिरेगा पारा एक्सपर्ट के अनुसार न्यूनतम तापमान में आगे 3 से 4 डिग्री तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। शहर में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा। अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री दर्ज किया गया, यह सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। इसमें बीते दिन के मुकाबले 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। शहर के आसपास अभी उत्तर-पूर्व की हवाएँ सक्रिय हैं।

## अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 1 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी बरगी श्री कमलेश चौरिया ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि अनिल बर्मन नाम का व्यक्ति मन्शी मोहल्ला में अपने घर के आंगन में भारी मात्रा में देशी शराब कुप्पों में भरकर वाहन के इंतजार में खड़ा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति कुप्पों के साथ मकान के आंगन में खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम अनील बर्मन उर्फ सूजल उम्र 21 वर्ष निवासी मन्शी मोहल्ला बरगी बताया जो कब्जे में रखे चारों कुप्पों का चैक करने पर कुल 60 लीटर कच्ची शराब रखे मिला जिसे जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय भूमिका- आरोपी को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ने में प्रधान आरक्षक उदय प्रताप सिंह, आरक्षक विशाल की सराहनीय भूमिका रही।

## कम्प्यूटर दुकान सें डेढ़ लाख रूपये नगदी रूपये चुराने वाला आरोपी साथियों सहित गिरफ्तार, चुराये हुये नगदी रूपयों में से 1 लाख 18 हजार रूपये जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना लार्डगंज में सूर्य नारायण मिश्रा उम्र 42 वर्ष निवासी लालमाटी सिद्धबाबा रोड़ थाना घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह आशीष कम्प्यूटर में काम करता है आशीष कम्प्यूटर आशीष अहिरवार की दुकान है दिनांक 1-1-25 के रात लगभग 10 बजे से आज सुवह लगभग 11-30 बजे के बीच वह और राज अहिरवार ने रात्रि लगभग 10 बजे दुकान को ताला लगाकर घर चले गये थे सुवह लगभग 11 बजे आकर देखा एल ड्राप कटा हुआ था ताला लगा हुआ था दरवाजा खोलकर देखा पूरा सामान फैला हुआ था, ड्राज खुले हुये थे कागज बिखरे हुये थे अंदर वाले ड्राज में रखे नगद लगभग 1 लाख 50 हजार रूपये एवं एक सेमसंग कम्पनी का मोबाइल गायब था। कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा घटित हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुय आरोपी की पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आनंद कलादगी (भा.पु.से.), एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्री रीतेश कुमार शिव के मार्गनिर्देशन में चौकी

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**निविदा सूचना** (1 ST Call)

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/ 2024-25/37/ पी.आर.ओ./481 दिनांक 10.01.2025 | Supply, Installation, Testing & Commissioning of Highmast at Agrasen Tiraha Jabalpur | 03 माह एवं 445756.00 | 2000.00 एवं 4458.00 | 13.02.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री,( विद्युतीय ), नगर पालिक निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम....... दिनांक- 08.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती नगमा बानो, पति- मोहम्मद वजीर** ने पिन नं. 1000468011 भवन क्रमांक 201/3 टी , **वार्ड क्र. 49 वार्ड लाल बहादुर शास्त्री वार्ड,** भूतल 275 व.फु., **विक्रय अनुबंध पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.201/3 टी , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-16**
**नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम....... दिनांक- 10.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती राखी चौधरी, पति- राजेन्द्र कुमार चौधरी,** ने पिन नं. 1000449005 भवन क्रमांक 1445/1 , **वार्ड क्र. 50 वार्ड ठक्कर ग्राम जबलपुर वार्ड,** कुल भूमि 1860 व.फु., निर्मित भूतल 1680 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.1445/1 , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-16**
**नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/253 2024-25 दिनांक 10/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000509922 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री अतहर रजा सिद्धिकी, पिता शेख मोहर्रम सिद्धिकी** के स्थान पर आवेदक **1. अंजुल श्याम गुप्ता, एवं श्री अंचल श्याम गुप्ता** ने **मकान नं. 2102 वार्ड क्र.-.13 , ............ वार्ड,** क्षेत्रफल 1080 व.फु., भूतल 690 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/252 2024-25 दिनांक 10/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000512209 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री रवि भाटिया, पिता स्व. श्री राम प्रकाश भाटिया,** के स्थान पर आवेदक **1. श्री लाल श्याम गुप्ता, पिता- श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता, 2. श्रीमती रामलली गुप्ता, पति- श्री लाल श्याम गुप्ता,** ने **मकान नं. 2100 वार्ड क्र.-.13 , ............ वार्ड,** क्षेत्रफल 1935 व.फु., भूतल 1379 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/254 2024-25 दिनांक 10/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000620815 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री जगरूप सिंह डडवाल, पिता- स्व. श्री बेअंत सिंह, श्रीमती कांता डडवाल, पति- जगरूप सिंह डडवाल, एवं श्री अभिषेक सिंह डडवाल, पिता- श्री जगरूप सिंह डडवाल** के स्थान पर आवेदक **श्री जगरूप सिंह डडवाल, पिता-स्व. श्री बेअंत सिंह डडवाल, एवं श्री अभिषेक सिंह डडवाल, पिता- श्री जगरूप सिंह डडवाल** ने **मकान नं. 14/फ्लैट-सी-1 वार्ड क्र.-.10 , ............वार्ड,** द्वितीयतल 640 व.फु., **दस्तावेज- शपथपत्र, पंजीकृत विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/243 2024-25 दिनांक 06/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000512479 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री विनोद कुमार वाशिंगटन** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती सुनीता वाशिंगटन, पति- स्व. श्री विनोद कुमार वाशिंगटन** ने **मकान नं. 1365/ पी-2/1 वार्ड क्र.-...... , पं. बनारसी दास भनोत वार्ड,** भूतल 1200 व.फु., प्रथमतल 1200 व.फु., द्वितीयतल 100 व.फु., **दस्तावेज- शपथपत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/248 2024-25 दिनांक 07/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000511650 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री मनिन्दर सिंह साहनी, पिता- स्व. श्री हरवंश सिंह साहनी** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती जसविन्दर कौर साहनी, पति- सरदार गुलजीत सिंह साहनी,** ने **मकान नं. 1539 वार्ड क्र.-...... , पं. बनारसी दास भनोत वार्ड,** क्षेत्रफल 1832 व.फु., भूतल 900 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/246 2024-25 दिनांक 07/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000621595 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री विना जानी, पिता- श्री पी.एल.जानी** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती आशा देवी, पति- स्व. श्री दौलत राम बजाज** ने **मकान नं. 969/वी-12 वार्ड क्र.-.10 ,......... वार्ड,** प्रथमतल 483 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत लीज डीड, इकरारनामा, शपथत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/203 दिनांक 10.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मो. अकरम हाफिज शमशेर अली, मो. असलम, कुतुबुद्दीन असांरी, पिता- मो. हनीफ** ने मकान नं. 762 , **वार्ड चितरंजन दास वार्ड,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 1200 व.फु. कच्चा, **शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/202 दिनांक 10.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अमित पटैल, पिता- स्व. श्री शिवदीन राम पटैल** ने मकान नं. 3036/ पी/1465/5 , **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 1500 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/201 दिनांक 10.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अमित साहू, पिता- श्री राजकुमार साहू** ने मकान नं. एच.आई.जी. 3 , **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 800 व.फु., भूतल 800 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/200 दिनांक 10.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री डॉ. कुलदीप बजाज, पिता- श्री सुरेश चंद्र बजाज** ने मकान नं. 1570 , **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./31 दिनांक 10.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री साबिर शाह, पिता- स्व. श्री रमजान शाह** ने मकान नं. 17/3 पिन. नं. 1000479506 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** क्षेफल 775 व.फु., भूतल 775 व.फु.+ 253 व.फु. सीमेंट शीट, **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999